दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 77
कोटद्वार बुधवार
12 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## गंगोत्री–यमुनोत्री व बदरीनाथ हाईवे बंद, बारिश का रेड अलर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज भी मौसम बिगड़ा हुआ है। प्रदेशभर में बारिश ने परेशानी खड़ी कर दी है। भूस्खलन और मलबा आने से गंगोत्री–यमुनोत्री और बदरीनाथ हाईवे बंद हो गए हैं। यमुनोत्री हाईवे पर राना चट्टी से आगे झर्झरगाड़ के पास 100 से अधिक भू–धंसाव हो गया है। ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे सिरोहबगड़ में भी बंद है। जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई है। उधर, केदारनाथ हाइवे पर भी जगह जगह पत्थर गिर रहे हैं। हाईवे को खोलने का काम जारी है लेकिन बार–बार बारिश होने से मलबा हटाने में दिक्कतें आ रही हैं। वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से धरासू बैंड में पुलिस ने रोक दिया है। गंगोत्री हाईवे बंदरकोट में बंद होने के चलते पुलिस ने वाहनों को ओपन टनल से पहले रोक दिया है।

आगामी दो दिन भारी बारिश के अलर्ट को को देखते हुए उत्तरकाशी में कल 12 जुलाई को कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूल ओर आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे।



हर्षिल घाटी के धराली में खीरगंगा उफान पर है। खीरगंगा के उफान पर आने से धराली बाजार को खतरा पैदा हो गया है। वहीं, हर्षिल और गंगोत्री घाटी मे दो दिन से विद्युत आपूर्ति ठप है।

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ मार्ग पर फाटा में सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। हाईवे पर एक बाइक हादसे का शिकार हो गई। जिसमें एक यात्री की मौत हो गई।

भारी बारिश के बाद रुड़की की सोलानी नदी रौद्र रूप में बहने लगी। जिसके चलते माजरा मयूर विहार कॉलोनी सहित शनिदेव मंदिर के पीछे स्थित कॉलोनी में पानी भर गया है। मयूर विहार कॉलोनी की दीवार तोड़ कर पानी अंदर घुस गया। पानी के लगातार बढ़ते वेग से स्थानीय लोगों में दहशत बनी हुई है।

मंगलवार दोपहर सीएम धामी आईएसबीटी क्षेत्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहीं उन्होंने आस–पास के प्रभावित इलाकों का भी दौरा किया।

इस दौरान डीएम सोनिका ने उन्हें नुकसान के बारे में जानकारी दी।

पिछले तीन दिन से प्रदेशभर में चल रहे बारिश का क्रम मंगलवार को भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने मंगलवार को प्रदेशभर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। खासकर, कुमाऊंके जनपदों में भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। बुधवार को भी प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को उत्तराखंड के चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर में कहीं–कहीं भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। बाकी जनपदों में कहीं–कहीं भारी से भारी वर्षा हो सकती है। राज्य में कहीं–कहीं गर्जना के साथ बिजली चमकने एवं तीव्र दौर की वर्षा होगी।

## 90 मिनट बंद रहा पौड़ी-श्रीनगर हाईवे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल में मूसलाधार बारिश से मंगलवार को जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त रहा। बारिश से पौड़ी-–श्रीनगर हाईवे पर मल्ली गांव के पास मलबा आने से ढाई घंटे तक यातायात बाधित रहा। जिससे यहां पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जेसीबी की मदद से प्रशासन ने यातायात सुचारू किया। मंगलवार को जिले के 37 मोटर मार्ग बंद रहे। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मंगलवार को सुबह से ही पौड़ी में झमाझम बारिश हुई। बारिश से जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी रही। जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं पौड़ी-श्रीनगर हाइवे पर सुबह मल्ली गांव के पास बारिश से मलबा सड़क पर आ गया। जिस वजह से करीब ढाई घंटे हाइवे पर वाहनों का आवागमन बाधित रहा।

एनएच के कर्मचारियों ने जेसीबी की मदद से मलबे को मार्ग से हटाया। इसके वाहनों की आवाजाही शुरू हुई। मार्ग बाधित होने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अफसरो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली के अनुसार मंगलवार को जिले के 37 मोटर मार्ग बंद रहे।

## यात्रा मार्ग पर रात आठ से सुबह पांच बजे तक बंद रहेगी आवाजाही

**रुद्रप्रयाग/उत्तरकाशी ।** बरसाती सीजन में सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने रात आठ से सुबह पांच बजे तक ऋषिकेश–बदरीनाथ, रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड, कुंड–ऊखीमठ–चोपता–मंडल–गोपेश्वर हाईवे और गंगोत्री–यमुनोत्री हाईवे पर आवाजाही पर रोक लगा दी है। मात्र आपातकालीन और सैन्य वाहनों की आवाजाही हो सकेंगी।



बरसात के चलते हाईवे व संपर्क मार्गों पर गिरते पत्थर, भूस्खलन व भू–धंसाव जोन के सक्रिय होने से के चलते हाईवे व संपर्क मोटर मार्ग पर अब सुबह पांच से रात आठ बजे तक ही वाहनों का संचालन होगा। रुद्रप्रयाग पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि बीते शनिवार को रात आठ बजे सोनप्रयाग से एक यात्री वाहन ऋषिकेश के लिए रवाना हुआ था जो गूलर के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। वाहन को रात को जाने की अनुमति कैसे और किस स्तर पर मिली, इसके बारे में सभी बैरियर प्वाइंट से जानकारी मांगी गई है।वहीं उत्तरकाशी आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे सहित मुख्य मोटर मार्गों पर रात आठ से सुबह पांच बजे तक किसी भी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। मात्र आपातकालीन और सैन्य वाहनों की आवाजाही सुचारू रहेगी।

## कार खाई में गिरी, शिक्षक की मौत

**अल्मोड़ा।** कोसी–रानीखेत हाईवे में ज्योली के पास मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में शिक्षक व पूर्व सभासद सचिन टम्टा का निधन हो गया है। उनके निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। इस घटना से हर कोई स्तब्ध है। वहीं, हादसे में 2 महिलाएं बाल–बाल बच गई। दोनों वाहन से बाहर छिटक गयी। जिससे दोनों को मामूली चोट आई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सचिन टम्टा यहां ज्योली प्राथमिक विद्यालय में तैनात थे। मंगलवार को वह अपनी कार से स्कूल से वापस घर को लौट रहे थे। इसी दौरान ज्योली से हंसी देवी व बचुली देवी निवासी बसगांव, अल्मोड़ा जिला मुख्यालय आने के लिए उनकी कार में बैठे। ज्योली लिंक मार्ग से मुख्य हाईवे में पहुंचते ही उनकी कार अनियंत्रित होकर करीब 100 फीट खाई में जा गिरी। इस दौरान कार में सवार दोनों महिलाएं छिटक गई। सचिन टम्टा कार के साथ ही खाई में जा गिरे। सूचना के बाद नायब तहसीलदार बालम बिष्ट टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। सचिन को खाई से बाहर निकाल सड़क तक पहुंचाया गया। जिसके बाद 108 एम्बुलेंस के माध्यम से बेस अस्पताल लाया गया। बेस अस्पताल में डॉक्टरों ने सचिन को बचाने की काफी कोशिश की। लेकिन उन्हें नहीं बचाया जा सका। नायब तहसीलदार बालम बिष्ट ने बताया कि हादसे की वजह पता नहीं लग पाई है। स्कूल से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ। दोनों महिलाएं सुरक्षित हैं। वह टीम के पहुंचने से पहले ही अपने घरों को लौट चुकी थी।



## आफत की बारिश: मौसम का रौद्र रूप देख कांपा हरिद्वार, सड़कें बनीं दरिया

**हरिद्वार।** पांच दिन से लगातार जारी बारिश ने मंगलवार को विकराल रूप धारण कर लिया। यह पहली बार था जब शहर के सभी क्षेत्र जलभराव की चपेट में नजर आए। हर दूसरे–तीसरे वार्ड में पानी की निकासी के लिए पंपिंग सेट लगाने पड़े। पहाड़ से सटे इलाकों में गलियों और घरों में मलबा घुस गया। गंगा भी चेतावनी निशान से महज 10 मीटर नीचे बह रही है। प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया है। जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री मुहैया करवाई जा रही है।

सुबह मलबा आने से हिल बाईपास बंद हो गया। मलबा हटाने के लिए जेसीबी लगाई गई। दोपहर 11 बजे के आसपास गंगा नदी भी उफान पर आई। गंगा जलस्तर चेतावनी निशान 293 मीटर से एक मीटर नीचे बह रही।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# जल संग्रहण के लिए मास्टर प्लान के तहत चेक डैम बनाएं



जयन्त प्रतनिधि। चमोली : जिले में जल संवर्द्धन को बढ़ाने के लिए चेक डैम निर्माण हेतु जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संग्रहण के लिए मास्टर प्लान के तहत चेक डैम बनाएं जाए। जिलाधिकारी ने वन एवं सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि चेक डैम बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करने हेतु जल निगम, जल संस्थान, कृषि, उद्यान, मत्स्य एवं अन्य अंतिम उपयोगकर्ता विभागों से उनकी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पूरी जानकारी ली जाए। चेक डैम बनाने के लिए प्रस्तावित योजनाओं की अच्छे से मैपिंग की जाए। ताकि डुप्लीकेशी न हो। जिले में प्रत्येक संभावित क्षेत्रों को विशेषज्ञों से चिन्हित कराते हुए इसका जीआईएस सर्वेक्षण के साथ एक विस्तृत प्लान तैयार किया जाए। ताकि चेक डैम बनाने से अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि चेक डैम एक तरह की दीवार है जो पहाड़ से बहने वाले पहाड़ से बहने वाले प्राकृतिक तथा वर्षा जल को बहने से रोकता है और एक जलाशय बनाने में मदद करता है। इससे आसपास के की जमीन का जल स्तर में बढ़ोत्तरी होती है। साथ ही जमा पानी खेतों की सिंचाई एवं कृषि कार्य में उपयोग में लाया जा सकता है। बाढ़ की रोकथा में भी चेक डैम बहुत सहायक होता है। बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, डीएफओ वीवी मर्तोलिया, मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कावंड़ियों का दल गुलदार के हमलें में बाल-बाल बचा

टिहरी : केदारनाथ से लौट रहे कावड़ियों का दल यहां मूल्या गांव में सोमवार रात गुलदार के हमले में बाल-बाल बच गया। कावड़िये सड़क बंद होने व बारिश की सम्भावना के चलते यहां एक होटल की छत में सोये थे। वहीं गुलदार ने होटल से सटी गोशाला में एक बछिया को अपना निवाला बनाया, जबकि एक को घायल कर दिया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। देवप्रयाग के मूल्या गांव निवासी विक्रम सिंह ने बीते सोमवार रात कावड़ियों को बाहर सड़क पर सोते देख उन्हें अपने होटल की छत पर सुला दिया। देर रात्रि करीब दो बजे गाय बछड़ों का शोर सुनकर जब विक्रम सिंह की पत्नी संगीता बाहर आए, तो वहां मौजूद गुलदार उसकी ओर झपटा। शोर सुनकर वहां आसपास के लोग भी आ गए। इस बीच गुलदार ने यहां बनी गोशाला में मौजूद तीन गायों व बछड़ो पर हमला बोल दिया व एक बछड़े को मार डाला। गुलदार होटल की छत पर जाने की कोशिश की, लेकिन कांवड़ियों के जागे होने के कारण वह भाग निकला। गुलदार के हमले में किसी तरह बचे कावड़ियों ने पूरी रात जागकर बितायी व सुबह होते ही इसे भोले की कृपा मानते निकल गए। उधर रेंजर दीक्षा भट्ट ने बताया कि वन विभाग की टीम को मूल्या गांव भेजा गया है। यहां लोगों को गुलदार से सतर्क रहने व किसी को भी बाहर नही सोने की अपील की गई है। (एजेंसी)

# टीएचडीसी को ऊर्जा के क्षेत्र में पीएसयू बनाने के लिए उठायेगें हरसंभव कदम : निदेशक

टिहरी : टीएचडीसी के डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने टीएचडीसी में नव नियुक्त निदेशक कार्मिक शैलेंद्र सिंह और निदेशक तकनीक भूपेंद्र गुप्ता के स्वागत में कोटी कालोनी में कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नव नियुक्त निदेशकों सहित टीएचडीसी टिहरी काम्पलैक्स के ईडी एलपी जोशी ने गंगा आरती व दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टीएचडीसी के निदेशक कार्मिक शैलेंद्र सिंह ने कहा कि हाईड्रो ऊर्जा के क्षेत्र में जो उनका लंबा अनुभव है। उसका भरपूर उपयोग टीएचडीसी को पीएसयू के रूप में स्थापित करने में करेंगे। सभी कार्मिकों के उत्साहवर्धन के लिए निरंतर टीएचडीसी में काम किया जायेगा। किसी भी स्तर पर कार्मिकों के लिए उच्च लेबल के व्यवस्थायें प्रदान करने का काम किया जायेगा। निदेशक तकनीकी भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार की मदद से टीएचडीसी हाईड्रा के अलावा थर्मल, कोल व पवन ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने के नये अवसर मिल रहे हैं। जिन्हें आगे बढ़ाने के लिए टीएचडीसी के कार्मिकों के साथ तत्परता से कदम बढ़ाये जायेंगे। आने वाला समय टीएचडीसी का है। टीएचडीसी को ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ा पीएसयू बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाये जायेंगे। ईडी एलपी जोशी ने कहा कि टीएचडीसी देश के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में मजबूत करना हमेशा पहली प्राथमिकता बनी रहेगी। कार्यक्रम के शुरूआत में डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह नेगी और महामंत्री अशोक कुमार सहित सभी पदाधिकारियों ने निदेशक शैलेंद्र सिंह व भूपेंद्र गुप्ता का सम्मान बुके व स्मृति चिह्न भेंटकर दिया। अध्यक्ष त्रिलोक सिंह नेगी व महामंत्री अशोक कुमार ने कार्यक्रम के संबोधन में कहा कि दोनों नव नियुक्त निदेशकों से उन्हें भारी उम्मीदें हैं। जिससे बढ़कर सहयोग की उन्हें उम्मीद है। कहा कि जिन डिप्लोमा इंजीनियरों से संस्थान में तीस साल से अधिक की सेवा दे दी है। उन्हें डीजीएम पद से सेवानिवृति दी जाय। ताकि डिप्लोमा इंजीनियर्स को सम्मान जनक काम करने का फल मिले। टीएचडीसी के विकास में डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन हर कदम पर साथ खड़े रहने का भरोसा टीएचडीसी प्रबंधन को दिलाया। इस मौके पर ईडी एलपी जोशी, एमके सिंह, अभिषेक गौड़, आरआर सेमवाल, अनिरूद्ध विश्नोई, एआर नौटियाल, मानव संसाधन के अपर महा प्रबंधक डा. एएन त्रिपाठी, अनूप कुमार ध्यानी, बीसी भट्ट, मदन चौहान, संजय पंवार, आरएन पैन्यूली, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जैन आचार्य की हत्या से जैन समाज आक्रोशित,डीएम को दिया ज्ञापन

देहरादून। कर्नाटक में दिगंबर जैन आचार्य 108 काम कुमार नन्दी की हत्या से आक्रोशित जैन समाज ने डीएम कार्यालय जाकर ज्ञापन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री और कर्नाटक सरकार से उनके हत्यारोपियों को कड़ी सजा की मांग की। वहीं आचार्य काम कुमार नंदी को श्रद्धांजलि भी दी गई।

जैन मिलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेश जैन ने कहा कि जैनाचार्य काम कुमार नंदी का अपहरण एवं नृशंस हत्या का समाचार सुनकर संपूर्ण जैन समाज स्तब्ध और शोकाकुल है। जैन साधुओं पर हो रहे हमलों और अब हत्या से संपूर्ण जैन समाज आक्रोशित है। पूरा जैन समाज भारतीय जैन मिलन के माध्यम से इस हत्या कांड से जुड़े सभी दोषियों को शीघ्र से शीघ्र सजा दिलाने की मांग करता है। क्षेत्रीय मंत्री डॉ संजय जैन ने कहा कि अपने पूज्य साधुओं के प्रति इस प्रकार की घटनाओं को जैन समाज बर्दाश्त नहीं कर सकता। हम मांग करते हैं कि सभी जैन साधुओं को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही ऐसे ठोस कदम उठाया जाए जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा ना हों।इस मौके पर भारतीय जैन मिलन की केंद्रीय महिला संयोजिका मधु जैन,राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री संदीप जैन, सचिन जैन, संजय जैन, लोकेश जैन, सुरेश जैन, संजीव जैन, अंकुर जैन, बीना जैन ,जितेंद्र जैन, राजीव जैन, सुकुमार जैन, सुनीता जैन, मालती जैन और पंकज जैन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ कमठान ने कोरोनेशन अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी सुझरना कमठान ने जिला चिकित्सालय कोरोनेशन अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने इस दौरान डेंगू वार्ड में भर्ती रोगियों की जानकारी प्राप्त की वार्ड में 2 डेंगू रोगी भर्ती थे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चो की निक्कू पिक्कू वार्ड का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं देखी।

## शहीद के नाम पर स्पोर्ट्स कालेज खोला जाए

टिहरी : प्रतापनगर ब्लाक के लिखवार गांव के ग्राम प्रधान चंद्रशेखर पैन्यूली सहित ग्रामीणों ने गांव में पहुंचे वन मंत्री सुबोध उनियाल को पत्र सौंपकर स्वतंत्रता सेनानी स्व. लक्ष्मी प्रसाद पैन्यूली के नाम पर आईटीआई या पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने या किसी स्कूल अस्पताल का नाम उनके नाम पर रखने की मांग की। साथ ही शहीद सूबेदार चंद्रप्रकाश पैन्यूली के नाम पर कमुंडा खाल में स्पोर्ट्स कॉलेज व पर्यटक आवास गृह खोलने की मांग की। मांग करते हुए ग्रामीणों में सच्चितानंद पैन्यूली, कमलेश पैन्यूली, उदय पैन्यूली ने कहा कि मंत्री से आग्रह किया कि उनके पुरखों का नाम आगे भी चलता रहे। इसके लिए उनके नाम से सरकारी संस्थानों का निर्माण व नामकरण किया जाय। जिस पर वन मंत्री ने ग्रामीणों को उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है। (एजेंसी)

# न्याय पंचायत व नगर पंचायत स्तर पर 18 जुलाई को होगा खिलाड़ियों का चयन



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : ''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' की बैठक मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी सभागार में आयोजित की गई। योजना के अंतर्गत 8 से 14 वर्ष तक के उदीयमान खिलाड़ियों का चयन छात्रवृत्ति हेतु किया जाना है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने न्याय पंचायत, विकास खंड व जिला स्तर पर खिलाड़ियों के चयन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। न्याय पंचायत, नगर पंचायत, नगर नालिका एवं जिला स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को ''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' हेतु आवेदन पत्र के साथ अपना आधार कार्ड, स्थाई निवास प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बैठक में जिला क्रीड़ा समन्वयक प्रेम सिंह नेगी ने मुख्य विकास अधिकारी को बताया कि ''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' अलग-अलग आयु वर्ग में जनपद के उदीयमान खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। न्याय पंचायत व नगर पंचायत स्तर पर 18 जुलाई को खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद विकासखंड स्तरीय खिलाड़ियों का चयन 22 जुलाई, नगर पालिका स्तर पर 24 जुलाई तथा जिला स्तर पर 28 जुलाई को किया जाएगा। बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर हर विद्यालय से 2-2 बालक व बालिकाओं का चयन संबंधित विद्यालय द्वारा किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम त्यूणी ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया

विकासनगर। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का एसडीएम युक्ता मिश्रा निरिक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने बालिकाओं के साथ संवाद कर सवाल जवाब किये।

छात्रावास में 100 के सापेक्ष 94 छात्राएं उपस्थित थीं। एसडीएम त्यूणी युक्ता मिश्रा ने बालिकाओं द्वारा पढ़ाई से सम्बंधित प्रश्न पूछे। एसडीएम मिश्रा ने पॉलिटिकल साइंस, ,इंग्लिश, इकोनॉमिक्स, बायोलॉजी सबंधित सवाल–जवाब भी छात्राओं से किये। कुछ सवालों के जवाब एसडीएम ने खुद छात्राओं को बताये। इस दौरान छात्राओं की ओर से उक्त विषयों मे शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। छात्रावास के शौचालय को सही करवाने, कैमरा, गीजर, स्पोर्ट्स के सामान की आवशयकता एसडीएम को बताई गयी। जिस पर एसडीएम ने अपने स्तर से कार्रवाई करने का भरोशा दिलाया। निरीक्षण के दौरान वार्डन शीला नौटियाल मौजूद रहीं। अनुदेशिका आशा अनुपस्थित थीं। निरीक्षण के बाद बालिकाओं के साथ भोजन की गुणवत्ता जांची गयी।

### क्षत्रिय मंच ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया

देहरादून। सरकार की ओर से समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयासों का समर्थन करते हुए क्षत्रिय चेतना मंच कल्याण संस्था ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा।

संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय में इसका ज्ञापन सौंपा। संस्था के महासचिव एडवोकेट रवि सिंह नेगी तथा उपाध्यक्ष ठाकुर अशोक वर्धन सिंह ने कहा है कि समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय एकता और एकीकरण तथा राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

ज्ञापन देने वालों में शशिकांत शाही, बलवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह तोमर, मीना मल, पुष्पा नेगी, अंकित रौथाण, सरस्वती चौहान, सुशील त्यागी, चौधरी ओमवीर सिंह, राजीव पंवार, अनीता राणावत, मुकेश नारायण शर्मा, सुदर्शन शर्मा, बीएन शर्मा शामिल थे।

# अलकनंदा और मंदाकिनी का जल स्तर 5623 मीटर पार, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी मुश्किलें



रूद्रप्रयाग : जनपद में बीती रात से हो रही बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। तीनों विकासखंडों में 16 ब्रांच सड़कें बंद हुई है। हालांकि सुबह से ही लोनिवि और पीएमजीएसवाई द्वारा बंद सड़कों को खोलने की कार्रवाई की जा रही है। देर सांय तक करीब आधा दर्जन सड़कें खोल दी गई है। वहीं बारिश से अलकनंदा और मंदाकिनी का जल स्तर भी 5623 मीटर पार कर गया है।

जिले की बच्छणस्यू, जखोली, भरदार, रानीगढ़, धनपुर, तल्लानागपुर, बसुकेदार, कालीमठ, मद्महेश्वर आदि क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते 16 सड़कें बंद हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है। मंगलवार को अनेक स्थानों पर लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर लोगों ने मीलों पैदल दूरी तय की। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी लोग परेशान रहे। वहीं अलकनंदा और मंदाकिनी का जल स्तर भी बढ़ गया। आपदा कंट्रोल रूम के अनुसार अलकनंदा नदी का जल स्तर 623.44 और मंदाकिनी का जल स्तर 622.50 मीटर दर्ज किया गया। इधर, जिला प्रशासन के निर्देशों पर लोनिवि और पीएमजीएसवाई द्वारा बंद सड़कों को खोलने के लिए सुबह से ही जेसीबी को मौके पर भेजा गया। देर सायं तक करीब आधा दर्जन सड़कों के खुलने की जानकारी बताई गई। हालांकि लगातार बारिश के चलते कई जगहों पर सड़कें आवाजाही में परेशानी बनती रही। (एजेंसी)

## नगर निगम द्वारा नालियों की सफाई का कार्य जारी

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशों के अनुपालन में शहर में नगर निगम द्वारा नालियों की सफाई का कार्य जारी है। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए है, सड़क, नाली सफाई, ड्रेनेज आदि समस्त व्यवस्थाओं को त्वरित सुधार किया जाए। इसके लिए नोडल एवं सैक्टर अधिकारी तैनात है। सैक्टर अधिकारी अपने–2 क्षेत्रों में व्यवस्थाएं में सुधार हेतु कार्य कर रहे है, जिला आपदा परिचालन केन्द्र कार्यों की मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिए गए है। जिलाधिकारी स्वयं भी प्रतिदिन सैक्टरवार कार्यप्रगति समीक्षा कर रही है। जनपद में डेंगू के घनात्मक रोगी चिन्हित होने के फलस्वरूप जिलाधिकारी सोनिका ने घर–घर सर्वे करने तथा जिन क्षेत्रों में डेंगू के घनात्मक रोगी चिन्हित हुए उन क्षेत्रों तथा आसपास के क्षेत्रों सहित शहरी एवं ग्रामीण समस्त क्षेत्रों में लार्वा की जांच एवं उसको नष्ट करने के साथ ही जागरूक करने के निर्देश दिए गए है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भर्ती में दिव्यागों को आरक्षण देने की मांग

विकासनगर। उत्तराखंड दिव्यांग सशक्तिकरण एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड सदस्य अमित डोभाल ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को मंगलवार को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कि शिक्षा विभाग द्वारा आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से होने वाली चतुर्थ श्रेणी भर्ती में दिव्यांगों को ऐक्ट के तहत चार प्रतिशत आरक्षण देने की मांग उठाई गई। ज्ञापन प्रेषित करते हुए ऐसोसिएशन के अध्यक्ष अमित डोभाल ने कहा कि हाल ही में कैबिनेट द्वारा शिक्षा विभाग में 2364 चतुर्थ श्रेणी पदों को आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से भर्ती करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन समाज का दिव्यांग वर्ग उच्च शिक्षित होने के बावजूद भी बेरोजगारी से जूझ रहा है। कहा सरकारी सेवाओं में आज भी दिव्यांगजनों को कई कारणों से पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं, जिसका मुख्य कारण संविदा, आउटसोर्सिंग एजेंसिया, एवं उपनल पीआरडी से रखे जाने वाले कार्मिकों की नियुक्ति में सीधी भर्ती में चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था दिव्यांगों को लिए नहीं की गयी है।

जिस कारण संविदा, उपनल, आउटसोर्सिंग एजेंसी एवं पीआरडी के माध्यम से की जाने वाली भर्ती से शिक्षित दिव्यांगजन वंचित हो रहे हैं, जबकि दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 35 के तहत प्राइवेट सेक्टर में भी दिव्यांगों को पांच प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है।

# गिरासू व जर्जर हाल स्कूल भवनों में छात्रों को न बैठाया जाय: बीईओ

विकासनगर। खंड शिक्षा अधिकारी चकराता ने ब्लॉक क्षेत्र के सभी प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि बरसात के दौरान जर्जर हाल और गिरासू हाल स्कूल भवनों में छात्र–छात्राओं को न पढ़ाया जाय। प्रधानाचार्य और प्रधानाध्यापक तत्काल छात्रों को पढ़ाने और स्कूलों के अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थान चयनित कर वहां शैक्षणिक कार्य करायें। छात्र–छात्राओं के जीवन को संकट में न डाला जाय। खंड शिक्षाधिकारी पूजा नेगी दानू ने समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी कर कहा कि 30 जून को दिए गये आदेशों का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसमें आपको मानसून अवधि में भू–स्खलन, बाढ़, त्वरित बाद अतिवृष्टि एवं बादल फटने की कई घटनाओं के मध्यनजर विद्यालय के क्षतिग्रस्त, जीर्ण–शीर्ण या जिस भवन के गिरने की सम्भावना हो उसे चिन्हित करते हुए जीर्ण–शीर्ण भवनों में छात्र–छात्राओं को कादापि न बैठाएं जाने के निर्देश दिये थे। कहा कि विकास खण्ड चकराता भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील है। छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय स्तर पर अधिक सतर्क एवं सुरक्षात्मक उपाय अपनाये जाने नितान्त आवश्यक है।

## सरकारी डॉक्टर गुरुवार से ओपीडी बहिष्कार करेंगे

देहरादून। चमोली के घाट में डॉक्टर से मारपीट से गुस्साए सरकारी डॉक्टरों ने 13 जुलाई से ओपीडी बहिष्कार की चेतावनी दी है। डॉक्टरों ने कहा कि इस तरह की मारपीट किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ के अध्यक्ष डा. मनोज वर्मा की अध्यक्षता में कोरोनेशन अस्पताल में बैठक हुई। इस दौरान डॉक्टरों ने मारपीट की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन को डॉक्टरों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने होंगे। उन्होंने कहा कि यदि मारपीट के दोषियों पर गुरुवार तक कार्रवाई नहीं होती तो सभी सरकारी डॉक्टर सुबह नौ बजे से अपने– अपने अस्पतालों में प्रदर्शन शुरू ओपीडी का बहिष्कार किया जाएगा।

# स्मार्ट सीटी इलैक्ट्रिक बसों का संचालन देहरादून से विकासनगर तक करने की मांग



विकासनगर। कुर्मांचल महासभा समिति ने मंगलवार को तहसील प्रशासन के माध्यम से शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को एक ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें बताया गया कि वर्तमान समय में जो इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है उसका संचालन देहरादून से विकासनगर तक होना चाहिए। जिससे आमजन को देहरादून आवागमन में परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रेषित ज्ञापन में बताया गया कि जहां से बस संचालन होता है, वहां पर हर समय चार बसें खड़ी रहती हैं। जहां पर बस्तियों की कमी के चलते कम सवारियां मिलती हैं। बताया जिससे सरकार को राजस्व की हानि भी रही है। बताया इस स्थान से हरबर्टपुर बस स्टैंड की दूरी मात्र पांच किलोमीटर है, जो कि एक अंतर्राज्यीय स्थान है। बताया जो कि हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और यूपी मुख्य केंद्र है। बताया अगर बस का संचालन विकासनगर तक होता है तो इन प्रदेशों से आने वाले लोगों को देहरादून जाने मे परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# बीडीसी विकासनगर की बैठक में छाए बिजली—पानी और शिक्षा विभाग के मुद्दे



विकासनगर। क्षेत्र पंचायत विकासनगर की बैठक में मंगलवार को बिजली–पानी और शिक्षा विभाग के मुद्दे छाये रहे। पंचायत प्रतिनिधियों ने ऊर्जा निगम और शिक्षा विभाग पर जन अपेक्षाओं पर खरा न उतरने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र पंचायत के सदन में पारित प्रस्तावों और योजनाओं पर अधिकारी तत्परता से काम करें। कहा कि लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। क्षेत्र पंचायत के प्रमुख सरदार जसविंदर सिंह बिट्टू की मौजूदगी में ब्लॉक सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक शुरू होते ही पंचायत प्रतिनिधियों ने बिजली विभाग से सबंधित विभिन्न मुद्दों को उठाया, जिसमें सदस्यों ने कहा कि बिजली के कनेक्शन के लिए अप्लाई करने के बावजूद लोगों को समय पर कनेक्शन नहीं मिल पाते हैं। खासकर निर्माण कार्यों में कनेक्शन समय पर न मिलने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बिजली के पोल कई जगह खतरनाक स्थिति में होने पर उन्हें शिफ्टिंग की मांग की जाती रही, लेकिन ऊर्जा निगम पोल शिफ्टिंग में लापरवाही बरतता है, जिससे कई जगह पोल खतरनाक स्थिति में होने के बावजूद पोल शिफ्ट न होने से लोगों के लिए खतरा बना रहता है। हाल के दिनों में लाइन फॉल्ट के नाम पर बिजली कटौती रहने से लोग परेशान हैं। हरबर्टपुर क्षेत्र में तीन दिनों से बिजली को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। शिक्षा विभाग के जर्जर भवनों को लेकर भी पंचायत प्रतिनिधियों ने सवाल उठाये। बताया कि कई प्राइमरी, जूनियर हाईस्कूलों में भवन जर्जर स्थिति में हैं, जिनकी मरम्मत के लिए पिछले तीन वर्षों से जनप्रतिनिधि मांग करते आ रहे हैं। क्षेत्र पंचायत से कई बार प्रस्ताव भी भेजें गये हैं, लेकिन शिक्षा विभाग गिरासू भवनों की मरम्मत और निर्माण के लिए बजट जारी नहीं कर रहा है। ऐसे में गिरासू भवनों में छात्र–छात्राओं के भविष्य और जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे जर्जर हाल भवन में पढ़ाई करना छात्रों के जीवन से खेलना है। किसान फसल बीमा को लेकर भी जनप्रतिनिधियों ने सवाल उठाये। बैठक में संक्रमक रोगों से बचाव और रोकथाम को लेकर भी सवाल उठाये गये। बैठक का संचालन बीडीओ आतिया परवेज ने किया।

# आफत बनी बारिश, जन-जीवन अस्त व्यस्त

## कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में मंगलवार को हुई भारी बारिश



आमपड़ाव क्षेत्र में भवन को छूकर निकलता पनियाली गदेरा



पश्चिमी झंडीचौड़ क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुई पुलिया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में हुई भारी बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जगह-जगह जल भराव व नदी-नालों के ऊफान पर आने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पनियाली गदेरे के उफान पर आने से आसपास के परिवारों की सांसे अटकी रही। वहीं, भाबर क्षेत्र के तेलीसोत में आए उफान के कारण गदेरे का पानी गुर्जरों के डेरे में घुस गया। पानी का बहाव देखकर लोगों में अफरा तफरी मच गई। उन्होंने आनन फानन में अपना सामान ऊंचे स्थानों पर रखा।

क्षेत्र में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। ऐसे में नगर क्षेत्र के बीच से गुजरने वाला पनियाली गदेरा आमजन के लिए मुसीबत बन रहा है। बारिश होते ही गदेरे उफान पर बह रहा है। ऐसे में गदेरे के आसपास रहने वाले परिवारों को जान-माल का खतरा बना हुआ है। वहीं, यह परिवार प्रशासन की चेतावनी के बाद भी खतरे की जद में आए अपने भवनों को खाली नहीं कर रहे हैं। वहीं, मंगलवार सुबह करीब छह बजे अचानक तेलीसोत गदेरा उफान पर आ गया। पानी का तेज बहाव लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज के अंतर्गत गुलरझाला बीट में बसे गुर्जरों के डेरे में जा घुसा।

वन गुर्जरों ने अपना सामान ऊंचे स्थान पर रखकर उसे खराब होने से बचाया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर कोटद्वार रेंज अधिकारी अजय ध्यानी वन कर्मियों को साथ लेकर गुर्जर डेरे पर पहुंचे और किसी तरह गदेरा पार कर डेरे में फंसे पांच परिवारों के 25 सदस्यों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। रेंज अधिकारी अजय ध्यानी ने बताया कि जेसीबी से गदेरे के उफान का रुख दूसरी तरफ किया गया है। वन गुर्जरों के डेरे को बचाने के लिए वन कर्मियों को तैनात किया गया है।

### भू-कटाव से बढ़ा खतरा

भारी बारिश के कारण रतनपुर में खोह नदी पर बने पुल के समीप लगातार हो रहे भू-कटाव से स्थानीय राजकुमार प्रजापति के मकान को खतरा हो गया है जबकि झूलाबस्ती गाड़ीघाट में ट्रंचिंग ग्राउंड के समीप नगर निगम के कूड़ा छंटाई केंद्र के लिए बनाया गया रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया है। खोह नदी के कारण रतनपुर और जीतपुर में कृषि भूमि का लगातार कटाव हो रहा है। बहेड़ा स्रोत के उफान पर होने से बाढ़ का पानी नदी किनारे बनी सड़क पर बहने लगा।

### पश्चिमी झंडी चौड में बही पुलिया

भारी बारिश के दौरान पश्चिमी झंडीचौड़ के प्रेम नगर कालोनी से वार्ड नंबर 36 को जोड़ने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई।

पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि सुबह से क्षेत्र में लगातार बरिश हो रही थी। जिससे 25 वर्ष पुरानी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। इस पुलिया से स्कूली बच्चे आवाजाही करते थे। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।



राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी के समीप ढही सुरक्षा दीवार

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी की सुरक्षा दीवार ढही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** बारिश के कारण रिखणीखाल ब्लाक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी के विद्यालय परिसर से लगी सुरक्षा दीवार का हिस्सा ढह गया है। दीवार से दस मीटर नीचे सटी सिंचाई विभाग की गूल के पचास मीटर तक क्षतिग्रस्त होने से भूधसांव का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों में भय का माहौल है।

प्रधानाध्यापक विष्णुपाल सिंह नेगी ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी रिखणीखाल का सर्वाधिक छात्र संख्या वाला विद्यालय है। वर्तमान में विद्यालय में 46 छात्र अध्ययनरत हैं। यहां से होकर जाने वाले कतेड़ागाड नाले से सटे होने पर अत्यधिक बरसात में बढ़ते जलस्तर से भूधंसाव की सम्भावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि मुख्य प्रवेश द्वार की ओर से बढ़ रहे खतरे को देखते हुए कई बार सम्बन्धित विभागों को सूचित भी किया गया है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। भू धंसाव से खतरे की सूचना आपदा प्रबंधन समिति तथा शिक्षा विभाग को भेज दी गई है, ताकि छात्रों की सुरक्षा उपाय किए जा सकें।

## ग्राम गवाणा में बहा पोल्ट्री फार्म, विद्युत सब स्टेशन में घुसा पानी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नयार घाटी क्षेत्र में अतिवृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दुधारखाल क्षेत्र में पेड़ टूटने के कारण बिजली लाइन क्षतिग्रस्त होने से 12 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। गवाणा गांव के ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह नेगी का पोल्ट्री फॉर्म गदेरे में आए भारी मलबे और पानी से बह गया है। वहीं, बीरोंखाल ब्लॉक के अंतर्गत निर्माणाधीन स्यूंसी-आमकुलाऊं मार्ग का बरसाती पानी स्यूंसी बाजार स्थित ऊर्जा निगम के 33 केवी विद्युत सब स्टेशन के स्विच यॉर्ड में घुस गया।



ग्राम गवाणा में नाला उफान पर आने से बहा पोल्ट्री फार्म

सतपुली-कांडाखाल मार्ग पर स्थित पटखोली गांव में कांता प्रसाद के आंगन का पुश्ता ध्वस्त हो गया। विकास मोहल्ले में जयकृत सिंह के मकान में पानी और मलबा घुस गया, जबकि नगर की सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। नगर में बन रहे पर्यटन विभाग की पार्किंग का निर्माणाधीन पुश्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, बीरोंखाल ब्लॉक के अंतर्गत निर्माणाधीन स्यूंसी-आमकुलाऊं मार्ग का बरसाती पानी स्यूंसी बाजार स्थित ऊर्जा निगम के 33 केवी विद्युत सब स्टेशन के स्विच यॉर्ड में घुस गया।

पानी से स्विच यॉर्ड की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। जेई बारू सिंह चौहान ने बताया कि स्विच यॉर्ड में पानी भरने से कर्मचारियों को काम करने दिक्कतें आ रही हैं।

यार्ड में खड़े बिजली के खंभे गिरने का भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने लोनिवि बैजरो से बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है।

## दुगड्डा-गुमखाल के मध्य भदालीखाल के समीप आया मलबा

**जयन्त प्रतिनिधि।**


**कोटद्वार :** बारिश के दौरान दुगड्डा-गुमखाल के मध्य भदालीखाल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलबा आ गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एनएच की टीम ने मलबा हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा। मंगलवार को पूरे दिन बारिश का दौर चलता रहा। बारिश के कारण जन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। दोपहर के समय भदालीखाल के समीप पहाड़ी से बड़ी मात्रा में मलबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर गया। गनीमत यह रही की इस दौरान उक्त स्थान से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। हाईवे पर गिरे मलबे के कारण करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। एनएच के अवर अभियंता अरविंद जोशी ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर जेसीबी भेज राष्ट्रीय राजमार्ग को खुलवाया गया। बताया कि बरसात के समय यातायात बाधित न हो इसके लिए जगह-जगह जेसीबी मशीनें तैनात की गई हैं। कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य भी कुछ स्थानों पर मलबा गिर रहा था। जिसे तुरंत जेसीबी से साफ करवाया गया।



दुगड्डा—गुमखाल के मध्य भदालीखाल के समीप आए मलबे को हटाती जेसीबी

## जोरदार बारिश ने खोली अव्यवस्थाओं की पोल

### विकास मोहल्ले में घर में घुसा पानी, सामान हुआ खराब



विकास मोहल्ले में घर में घुसा बारिश का पानी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली :** नगर पंचायत सतपुली में मंगलवार को हुई जोरदार बारिश ने अव्यवस्थाओं की पोल खोल दी। सतपुली के विकास मोहल्ले में पानी की निकासी न होने से जयकृत सिंह रावत के मकान में बरसात का पानी व मलबा घुसने से भारी नुकसान हो गया। मकान में निवास करने वाले दो किराएदार परिवारों का सामान खराब हो गया।

थानाध्यक्ष सतपुली लाखन सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची जहां रेस्क्यू अभियान चलाया गया। वही पीड़ित परिवार को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। उधर सतपुली बाजार में भी जलभराव की समस्या देखने को मिली। वही, देवप्रयाग-सतपुली मोटर मार्ग पर ओडल सैन के समीप मलवा आने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। बांघाट पुल पर मलबा इस कदर आ गया कि आवाजाही ठप हो गई और पहले से क्षतिग्रस्त पुल के और ज्यादा क्षतिग्रस्त होने की संभावना बन गई। जिसके बाद प्रशासन द्वारा जेसीबी की मदद से मलबा हटाया। बारिश से द्वारीखाल ब्लाक कार्यालय के समीप बना एक अतिरिक्त भवन क्षतिग्रस्त हो गया। सतपुली के एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि राजस्व प्रशासन ने जर्जर अवस्था व नदी के समीप वाले एक दर्जन भवनों को खाली करने के भी नोटिस जारी किए हैं।

## जंगली मशरूम खाने से बिगड़ी श्रमिकों की तबीयत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** देवीखाल में सड़क निर्माण का कार्य कर रहे श्रमिकों की जंगली मशरूम खाने से तबीयत बिगड़ गई। सभी श्रमिकों को निजी वाहन से राजकीय बेस चकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। इस दौरान अर्द्ध बेहोशी की हालत में श्रमिकों ने अस्पताल में खूब हंगामा भी काटा।

वर्तमान में देवीखाल के समीप सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सोमवार दोपहर श्रमिक रात्रि भोज के लिए मशरूम लेकर पहुंचे थे। रात को जैसे ही उन्होंने मशरूम खाया उन्हें चक्कर आने लगे। सूचना के बाद ठेकेदार सभी श्रमिकों को निजी वाहन से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लेकर पहुंचे।

चिकित्सकों ने बताया कि जंगली मशरूम खाने से नेपाली मूल के श्रमिक वीरेंद्र, संतू कुमार, सुखवीर, चंपा, शांता कुमार, संतोष, शीतल, पूजा, लाल बहादुर, दिलकुमारी, सनश्रिय, रामकृष्ण को अधिक नशा हो गया था। जबकि कुलदीप ओली (35) पुत्र कुंभ बहादुर की हालत अधिक खराब होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## पौधा रोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** विकास खंड एकेश्वर के अंतर्गत पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत के विद्यार्थियों ने पौधा रोपण करते हुए ग्रामीणों को पयर्उवरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी के नेतृत्व में पौध रोपण अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय के आसपास बांज, शीशम, कचनार सहित अन्य प्रजति के पौधा का रोपण किया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जन्मदिन व अन्य शुभ कार्यों पर पौधा रोपण करने की सीख दी। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने बरसाती पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण भी किया। इस मौके पर अमन सिंह, नमन रावत, शिवानी, प्रिया, गौरी आदि मौजूद रहे।




पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में पौध रोपण अभियान चलाते विद्यार्थी।

## आशीष रौतेला को स्वर्ण पदक मिलने पर जताई खुशी

**कोटद्वार :** उत्तरांचल परिवहन कर्मचारी संघ व जीएमओयू लिमिटेड ने मालद्वीप में स्वर्ण पदक जीतने वाले आशीष रौतेला की सफलता पर खुशी व्यक्त की है। संघ के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मालद्वीप की राजधानी माले में 13वीं साउथ एशियन बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। जिसे पूरे विश्व के बाडी-बिल्डरों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में आशीष रौतेला ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कहा कि आशीष मूल रूप से दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत धूरा-धनाई के रहने वाले है व वर्तमान में उनका परिवार कोटद्वार में निवासरत है। जबकि आशीष देहरादून में जिम का संचालन करते हैं। इस मौके पर संघ के सचिव राकेश चंद्र डबराल, राजेंद्र चंद्र बुड़ाकोटी, रामनारायण साहू, मुकेश कुमार, वीरेंद्र चौधरी, दिनेश जदली आदि मौजूद रहे।

### डांग में तालाब बनीं सड़क

**श्रीनगर गढ़वाल :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत डांग में बारिश के पानी से सड़क लबालब हो गई। सड़क मार्ग पर पानी की निकासी न होने के कारण तालाब बनी सड़क पर लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतें हुईं। लोगों का कहना है कि यह पानी जमीन के नीचे ही नीचे से आवासीय घरों की बुनियाद में जा रहा है, जिससे उनके घरों की बुनियाद कमजोर हो रही है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन व तहसील प्रशासन से उक्त समस्या के समाधान की मांग की। (एजेंसी)

## निजीकरण न करने सहित अन्य मांगों को लेकर पीएम को भेजा ज्ञापन

**पौड़ी :** सीटू से संबंद्ध आंगनबाड़ी-कार्यकत्री सेविका कर्मचारी यूनियन ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर निजीकरण नहीं किए जाने सहित विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग की। यूनियन की पदाधिकारियों ने कहा कि जल्द ही समस्याओं का हल नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। कहा कि यूनियन काफी लंबे समय से मांगों के निराकरण की मांग कर रही है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। सीटू से संबंद्ध आंगनबाड़ी-कार्यकत्री सेविका कर्मचारी यूनियन ने गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी या पीपीपी मॉडल के नाम पर किसी भी रूप में कोई निजीकरण न करने, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत आंगनबाड़ी कर्मचारियों को ग्रेजुटी का भुगतान करने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व मिनी कार्यकत्री को 26 हजार व सहायिका को 18 हजार न्यूनतम वेतन देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिनी सहायिका को सरकारी कर्मचारी घोषित करने, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियमित के समान कार्य एकरूपता के समान वेतन देने, सहायिका को कार्यकत्री के पद पर 50 फीसदी आरक्षण व 75 फीसदी कार्यकत्री के समान वेतन निश्चित करने की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नीमा रावत, जिला महामंत्री शिखा कोहली आदि शामिल थे।

## जन जागरण रथ यात्रा पहुंची श्रीनगर, गुरिल्लों ने किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल :** अल्मोड़ा जिला मुख्यालय से निकली गुरिल्ला जन जागरण रथ यात्रा मंगलवार को श्रीनगर पहुंची। यहां मां धारी देवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद काली कमली धर्मशाला में गुरिल्लों की बैठक हुई। इस मौके पर संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी ने कहा कि सीमाओं पर खुफिया निगरानी में गुरिल्लों की उपयोगिता सरकार को जितनी जल्दी समझ में आए उतना अच्छा है। उन्होंने सरकार से नौकरी व पेंशन दिए जाने के मुद्दे पर तत्काल अमल किए जाने की मांग की।

भारी बारिश के बावजूद काली कमली धर्मशाला में एकत्रित हुए गुरिल्लों का नेतृत्व कर रहे डालाकोटी ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के आधार पर नेपाल सीमा से भी घुसपैठ की संभावना को देखते हुए स्थानीय लोगों से जुड़ी गुरिल्लायुक्त सुरक्षा प्रणाली नेपाल सीमा पर लगाई जाए।

उन्होंने कहा यदि सरकार उनकी नौकरी व पेंशन की मांग पर अमल नहीं करती है तो गुरिल्लों को उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। जिलाध्यक्ष मानसिंह नेगी ने कहा कि सभी गुरिल्लों को एकजुट होकर संघर्ष के लिए आगे आना होगा।

सरकार या फिर कुछ अन्य लोगों द्वारा आंदोलन को कमजोर करने के प्रयासों को विफल करना होगा।

बैठक के बाद संगठन के नेताओं ने उप जिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा। ज्ञापन में उन्होंने सत्यापन से वंचित गुरिल्लों का सत्यापन करने, केंद्र सरकार से एसएसबी द्वारा 9मई 2011 को भेजी सिफारिशों के अनुरूप गुरिल्लों का समायोजन करने व राज्य सरकार से गुरिल्लों के संबंध में जारी शासनादेशों के क्रियान्वयन की मांग की। इस मौके पर अनिल भट्ट, उत्तम रतूड़ी, रमेश लखेड़ा, राजेन्द्र भंडारी, मोहन लाल, नरेंद्र रांगण, नरेंद्र कंडियाल, सोना देवी, रविता राणा, रामेश्वरी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जीआइसी रौशाल में एक साथ तीन सुरक्षा दीवार ढही



चम्पावत : जिले की दूरस्थ नेपाल सीमा से लगे जीआईसी रौशाल की सुरक्षा के लिए लाखों रुपए की लागत से बनाई गई तीन सुरक्षा दीवारें कर ढह गई। विद्यालय के पीटीए अध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने बताया जीआईसी रौशाल में दो माह पूर्व लोक निर्माण विभाग ने स्कूल भवन के पीछे सड़क किनारे सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाया गया था। यह सुरक्षा दीवार एक बारिश भी नहीं झेल पाई और भरभरा कर गिर गई। दीवार गिरने से स्कूल भवन खतरे की जद में आ गया है। दीवार का सारा मलबा कक्षा-कक्ष के ऊपर आ गया है। जिस कारण विद्यालय के छात्र-छात्राओं को खतरा पैदा हो गया है। पांडे ने बताया इसके अलावा कक्षा-कक्ष के नीचे आर-ईएस की ओर से लाखो रुपए की लागत से सुरक्षा दीवार बनाई गई थी। वह दीवार भी ढह गई और स्कूल की सुरक्षा के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार भी ढह गई है। पांडे ने कहा निर्माण कार्य मे विभाग ने गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा। जिस कारण लाखों रुपए की लागत से बनाई गई तीन-तीन सुरक्षा दीवारें एक बारिश भी नहीं झेल पाई। उन्होंने बताया तीनों सुरक्षा दीवार ढहने से विद्यालय भवनो को काफी खतरा पैदा हो गया है। पांडे ने विभाग और ठेकेदार पर भ्रष्टाचार और सरकारी धन का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से निर्माण कार्यों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही लोनिवि और आरईएस व शिक्षा विभाग से जल्द से जल्द उच्च गुणवत्ता युक्त सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की है। (एजेंसी)

## शहीदों के बैनर, पोस्टरों से सजाये जायेगें प्रवेश द्वार

पिथौरागढ़ : भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीरों शहीदों के बैनर, पोस्टरों से जिले के प्रवेश द्वार को सजाया जाएगा। आगामी कारगिल दिवस की रजत जयंती वर्ष को देखते हुए पूर्व सैनिक संगठन ने यह निर्णय लिया है। मंगलवार को पूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष मयूख भट्ट के नेतृत्व में पूर्व सैनिक नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 26 जुलाई को कारगिल दिवस मनाया जाएगा। कहा कि संगठन ने यह निर्णय लिया है कि इस वर्ष वीर शहीदों की याद में प्रवेश द्वारों को सजाया जाए। नगरपालिका अध्यक्ष ने संगठन के सुझाव को हामी भरते हुए अपनी स्वीकृति दी है। पूर्व सैनिक संगठन ने पालिकाध्यक्ष के समक्ष सैनिक विश्राम गृह, सैन्य सभागार और सैन्य संग्रहालय निर्माण का भी मामला रखा।

# सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर नहीं थम रहा विवाद

रुद्रपुर : जगतपुरा में नगर निगम के सामुदायिक भवन की भूमि की बांउड्री को लेकर उठा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेसियों ने मंगलवार को इस मामले को लेकर विकास भवन में प्रदर्शन किया और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेसियों का आरोप है कि सामुदायिक भवन के लिए निर्माण के लिए तय भूमि पर बाउंड्री करने की कुछ जगह छोड़ दी गई है। जबकि नियमानुसार निगम की ओर से तय की गई पूरी भूमि पर बाउंड्री होनी चाहिए। उन्होंने मामले में मेयर पर भी अनदेखी का आरोप लगाया।

ज्ञापन में कहा गया कि जगतपुरा में सामुदायिक भवन निर्माण की बांउड्री करने का कार्य शुरू किया गया था। इस बांउड्री को पूरे भूखंड पर करने के स्थान पर भूखंड का कुछ हिस्सा छोड़कर बाउंड्री की जा रही है। इस पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने काम रुकवा दिया। उन्होंने एमएनए से पूरे भूखंड की पैमाइश करवाकर बाउंड्री कराने, भूखंड पर निर्माण के लिए पुलिस की तैनाती करने और प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग की। मुख्य नगर अधिकारी विशाल मिश्रा ने मामले में जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पार्षद मोहन खेड़ा, गोपाल कृष्ण भसीन, सुनील आर्या, सतीश राजपूत, बबलू राजपूत, कुंवर पाल कोली, प्रीति साना, अमन जौहरी, पवन राजपूत, राधेश्याम बंसल, संजय मौर्य आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सुमन डसीला राजस्व उपनिरीक्षक के लिए चयनित

पिथौरागढ़ : सेराघाट के भनोलीसेरा निवासी सुमन डसीला पुत्री स्वर्गीय दरपान सिंह डसीला का चयन राजस्व उपनिरीक्षक पद के लिए हुआ है। सुमन के पिता का देहांत उनके बचपन में ही हो गया था और वह इकलौती संतान है। उनकी परवरिश नानी हरूली देवी और मामा लोगों ने की। उन्होंने इंटर तक की पढ़ाई जेबीएसजी इंटर कालेज गंगोलीहाट से की और बीएससी एलएसएमपीजी पिथौरागढ़ से किया और एमएससी प्राइवेट से कर रही है। उन्होंने बताया वे 4 गवर्नमेंट एग्जाम में सफल रही हैं। राजस्व उपनिरीक्षक, वन बीट अधिकारी, कनिष्ठ सहायक। 1 माह पूर्व पुलिस विभाग में जॉइनिग की है।

# व्यक्ति पर धर्मांतरण का मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी। तलाकशुदा महिला को बच्चों के साथ ले जाने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम और पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बीते दिनों महिला के लापता होने पर उसके पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

पुलिस के अनुसार काठगोदाम थाना क्षेत्र में विगत दिनों एक तलाकशुदा महिला अपने दो साल के बच्चे संग लापता हो गई थी। महिला के पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि पड़ोसी उसे अपने दोस्त के घर भोजीपुरा बरेली उत्तर प्रदेश ले गया है। पुलिस ने सोमवार को बच्चों के साथ महिला को आरोपी के दोस्त के घर से बरामद कर लिया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वर्ष 2016 में जब वह नाबालिग थी, तब आरोपी उसे दिल्ली ले गया और उसके साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया, बल्कि वीडियो भी बनाया। वीडियो के बूते आरोपी उसका शोषण करता रहा। शादी के बाद भी आरोपी ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। आरोपी ने दिल्ली में बनाए वीडियो उसके पति को भेज दिए और शादी तुड़वा दी। इसी वीडियो के बूते आरोपी उसे धर्म परिवर्तन के लिए धमकाने लगा। आरोपी ने उसे धर्म परिवर्तन करने पर घर और गाड़ी देने का प्रलोभन दिया। उसकी बात नहीं मानने पर बदनाम करने और परिवार को जान से मारने की भी धमकी दी।

## रेलवे ट्रेक को नुकसान से बचाने के लिए तीन कर्मी सम्मानित

काशीपुर। रेलवे ट्रेक को बाढ़ के पानी के कारण संभावित नुकसान से बचाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने तीन कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया है। छह जुलाई को लालकुआं–काशीपुर खंड के बाजपुर–हेमपुर इस्माइल ब्लॉक सेक्शन के मध्य गैंग मेट सत्यवती, ट्रैक मैन अमित भंडारी और रमेश गौढ़ अपने–अपने अनुभाग में काम कर रहे थे।

इसी दौरान अचानक तेज बारिश होने लगी। तीनों ने देखा कि ट्रैक के किनारे फार्मेशन को काटते हुए पानी का तेज बहाव आ रहा है। तीनों कर्मचारियों ने तत्काल इसकी जानकारी सी.से इंजी रेलपथ/ बाजपुर जयदीप लाल को दी। जिसके चलते समय रहते ट्रेक को बाढ़ के पानी से सुरक्षित बचा लिया गया। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने तीनों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और दो–दो हजार रुपए नकद का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## नैनीताल में महिला सभासद से लूटपाट

नैनीताल : नैनीताल में एक महिला सभासद ने कुछ युवकों पर लूटपाट करने का आरोप लगाया है। आरोप है, कि पहले सभासद की स्कूटी में जबरन टक्कर मारी गई। उसके बाद उनका पर्स तथा दुपट्टा छीनकर युवक फरार हो गए। इस संबंध में सभासद की ओर से तल्लीताल थाने में शिकायती पत्र दिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रकरण में जांच शुरू कर दी है। नगर पालिका नैनीताल तल्लीताल बाजार क्षेत्र की सभासद प्रेमा अधिकारी ने तल्लीताल थाने में तहरीर दी। पुलिस को बताया कि वह सोमवार शाम स्कूटी से मल्लीताल से तल्लीताल की ओर जा रही थीं। इसी समय मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के पास एक चालक ने कार से उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गईं। इसके बाद कार चालक युवक उनका दुपट्टा और पर्स लेकर भाग गया।

# नैनीताल की ठंडी सड़क आवागमन के लिए बंद की



नैनीताल। लगातार हो रही बारिश में पहाड़ी से पत्थर गिरने के डर से नैनीताल की ठंडी सड़क को आवाजाही के लिए पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। एडीएम ने निरीक्षण के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इस सड़क को आवाजाही के लिए बंद करने के निर्देश दिए।वहीं मंगलवार को एडीएम अशोक कुमार जोशी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ ठंडी सड़क नैनीताल एवं गुरुद्वारा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्र की व्यवस्था पर गहनता से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने ठंडी सड़क पर वर्षा के कारण पत्थर गिरने की आशंका को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को यहां पर आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अभियंता अनिल कुमार वर्मा, एई डीडी सती मौजूद थे।

**62 नाले लोनिवि को हस्तांतरण करने पर चर्चा**

जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें नैनीताल में सिंचाई विभाग के 62 नालों का हस्तांतरण लोनिवि को किए जाने पर चर्चा हुई। डीएम ने अधिकारियों को हस्तांतरण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए जरूरी कार्रवाई समय से पूरा करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिशासी अभियंता से जिले में संचालित नहरों एवं पचास लाख से ऊपर की परियोजना के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित विभाग को आंवटित धन के सापेक्ष आय–व्यय एवं वर्तमान में गतिमान कार्य, संचालित नहरों, क्षतिग्रस्त नहरों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही।

# भाजपा सरकार में जनता महंगाई से त्रस्त, विकास कार्य अवरूद्धः हरीश रावत




अल्मोड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अल्मोड़ा पहुंचकर पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैम्प कार्यालय में प्रेस वार्ता की। प्रेस को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई से जनता पूरी तरह त्रस्त है। दैनिक उपभोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं जिससे मध्यमवर्गीय एवं गरीब वर्ग के लिए अपने परिवार का पालन पोषण करना तक मुश्किल हो रहा है। पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस सिलेंडर, खाद्यान्न सहित एवं दवाइयों के मूल्य आसमान पहुंच चुके हैं। इसके साथ ही युवा इस सरकार की नीतियों से बेहद खिन्न हैं। नौकरी के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं लगातार निरस्त हो रही हैं जिससे युवा वर्ग में भारी निराशा है। करोड़ों रोजगार देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार में आज युवा बेरोजगार भटक रहा है और अवसाद का शिकार हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्य अवरूद्ध हैं।

सड़कों की स्थिति बेहद खराब है। बरसात के इस मौसम में सड़कें जलमग्न हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी विफलता है कि पदों को निकालने के बाद भी सरकार परीक्षा करवाने में विफल साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि अंशकालिक शिक्षक,उपनल कर्मचारियों की समस्याओं का यह सरकार समाधान करने में विफल साबित रही है। पुरानी पेंशन योजना पर मौन रहकर यह सरकार कर्मचारियों को बैचेन करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में जिस तरह से हमने पुरानी पेंशन योजना लागू की उसी तरह भविष्य में इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा।

## भारी बारिश को देखते हुए कंट्रोल रूमों को चौबीसों घंटे रखें सक्रियः डीएम

अल्मोड़ा। जनपद में हो रही भारी बारिश के दृष्टिगत जिला अधिकारी विनीत तोमर द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मौसम को मध्य नज़र रखते हुए समस्त उपजिलाधिकारी /तहसीलदार विशेष तत्परता बनाए रखने के साथ ही अपनी–अपनी तहसीलों में कंट्रोल रूमों को 24x7 सक्रिय रखें तथा राष्ट्रीय राजमार्ग / लोनिवि/ पीएमजीएसवाई के समस्त खण्ड अपने से सम्बंधित मोटर मार्गों पर जेसीबी को यथास्थान तैनाती की स्थिति में रखें, ताकि मार्ग बाधित होने पर तत्काल मार्गो को खोला जा सके। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड / अधिशासी अभियंता जल संस्थान को बिजली व पानी की आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि आम जन को किसी प्रकार की समस्या न होने पाए। इस दौरान उन्होंने जनपदवासियों से अनावश्यक यात्रा न करने की अपील की है।

# बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त



चम्पावत : चम्पावत में सुबह से लगातार हुई बारिश से आम जन जीवन प्रभावित हो गया। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर जिले में अलर्ट जारी किया था। बीते 24 घंटे में चम्पावत में सर्वाधिक 15 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

चम्पावत में मंगलवार को दिन भर बारिश हुई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां सुबह आठ बजे से शुरू हुई बारिश पूरे दिन हुई। सुबह से बारिश शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों से कम संख्या में लोग बाजार पहुंचे।

इससे बाजार में सुनसानी छाई रही। लगातार बारिश होने से नगर में कई स्थानों में नाली चोक हो गई। इससे सड़क का गंदा पानी सड़क में बहने लगा। इस वजह से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया था। इसी को देखते हुए डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश दिए थे। इधर जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 24 घंटे में चम्पावत में सर्वाधिक 15 एमएम बारिश हुई। इसके अलावा बनबसा में तीन, लोहाघाट में दो और पाटी में एक एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। (एजेंसी)

# टनकपुर के सौरभ देहरादून में सम्मानित

चम्पावत : उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने टनकपुर के छात्र नेता सौरभ पांडे को उत्तराखंड अचीवर्स अवार्ड 2023 से सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि में डिग्री कॉलेज और परिजनों में खुशी का माहौल है।

देहरादून के संस्कृति विभाग सभागार में हिमालयन बज द्वारा आयोजित उत्तराखंड अचीवर्स अवार्ड में प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया गया था। जिसमें टनकपुर के छात्र नेता सौरभ पांडे भी शामिल रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीवन के तमाम क्षेत्रों के व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को पहचानना और उनकी सराहना करना रहा। इसमें उन उत्कृष्ट हस्तियों का सम्मान किया गया। (एजेंसी)

## एसएसबी ने स्वास्थ्य शिविर लगाया

पिथौरागढ़ : जौलजीबी नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल की 55वीं वाहिनी ने स्वास्थ्य शिविर लगाया। मंगलवार को सहायक कमांडेंट (चिकित्सक) डॉ. साई रघुराम के नेतृत्व में टीम तोली गांव पहुंची।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से ग्रामीणों की जांच की और दवा बांटी। ग्रामीणों ने शिविर के लिए एसएसबी का आभार जताया है।

उनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है। ऐसे में शिविर का आयोजन होना ग्रामीणों को राहत पहुंचा रहा है। इस मौके पर हेमंता बासुमतारी, आशुतोष तिवारी, अजय कुमार, अनिल कुमार साह, मनोज कुमार, प्रवीण सुमंता घोष, रोहित कुमार, सुशीला, प्रियंका देवी, गीता परिवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## चमोली में चिकित्सक से मारपीट से डॉक्टरों में आक्रोश

पिथौरागढ़ : चमोली में एक चिकित्सक से मारपीट से सीमांत के डॉक्टरों में आक्रोश है। मंगलवार को नगर के जिला अस्पताल में चिकित्सक एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। चिकित्सकों ने कहा कि चमोली में घटी घटना शर्मनाक है। चिकित्सकों के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिकित्सकों ने विरोध में पूरे दिन बांह में काला फीता बांधकर ड्यूटी की। इस मौके पर पीएमएस जेएस नबियाल, डॉ. ऋषिकेश जोशी सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कल्पना कृति जन महिला जागृति समिति व मानस पब्लिक स्कूल ने किया वृक्षारोपण




अल्मोड़ा। कल्पना कृति जन महिला जागृति समिति एवं मानस पब्लिक स्कूल ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को लेकर संयुक्त रूप से वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। समिति की अध्यक्ष मंजू बिष्ट, मुख्य संरक्षक कमल कुमार बिष्ट के संयुक्त प्रयास से उदय शंकर नाट्य कला अकादमी के आसपास क्षेत्र में एक वृहद स्तर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनजागृति का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार प्रातः 5:30 बजे से प्रारंभ हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में मानस पब्लिक स्कूल के शिक्षक/ शिक्षिकाएं कल्पना कृति जन महिला जागृति समिति के पदाधिकारीगण ताइक्वांडो और योग के खिलाड़ी /शिक्षक एवं मानस पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।मानस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कमल कुमार बिष्ट कहा कि हमें यह संकल्प लेते हुए साफ सफाई अभियान, सकारात्मक सोच और सन्देश और सुरक्षित बेहतर पर्यावरण को बनाने के लिए बड़े स्तर पर पौधरोपण और जरूरतमंद को मदद करने के लिए आगे आने का हमेशा प्रयास करना चाहिए

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

अल्मोड़ा। लमगड़ा ब्लाक के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जैंती में छात्राओं के रहने तक की जगह ना होने का महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने शिक्षा विभाग उच्चाधिकारियों को बालिकाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करते हुए जल्द आवासीय विद्यालय में बैड उपलब्ध कराने, स्कूल जाने को बस और समुचित जगह के लिए परिसर में नए भवन निर्माण के निर्देश दिए।राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने लमगड़ा ब्लाक के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जैंती का औंचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि आवासीय स्कूल में 135 बालिकाएं अध्ययनरत हैं। निरीक्षण के दौरान 117 छात्राएं उपस्थित थी। इनके रहने के लिए विद्यालय में मात्र 64 बैड हैं। एक बेड में दो बालिकाएं रह रही हैं। जगह भी मानकों के अनुसार नहीं है। जिस कारण नए प्रवेश नहीं किए जा रहे हैं। बालिकाएं खाना भी जमीन में बैठकर खा रही हैं। उपाध्यक्ष ज्योति से बातचीत में बालिकाओं ने अपनी समस्याएं विस्तार से बताई। उन्होंने कहा कि उन्हें स्कूल से सभी जरुरी सामग्री साबुन, टूथ पेस्ट आदि जरुरत की चीजें समय पर मिल जाती है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक कोई चिकित्सकीय परीक्षण को स्कूल नहीं आता है। आवासीय विद्यालय में रहने वाली छात्राओं को पढ़ने के लिए तीन किमी दूर जाना पड़ता है। बस आदि की कोई व्यवस्था नहीं होने से बालिकाओं को खासी दिक्कत होती है। वहीं उनकी सुरक्षा का भी सवाल है। खाद्य सामग्री आटा, चावल, मसाले आदि भी एक्सपायरी मिले। जिस पर उन्होंने ठेकेदार पर कार्रवाई करने को कहा। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने मुख्य शिक्षाधिकारी को जल्द स्कूल में व्यवस्थाओं को मानकों के अनुसार दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह शिक्षा के मंदिर में बालिकाओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ हुआ तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार बरखा जलाल, वार्डन दीक्षा बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमा बिष्ट मौजूद थे।

## सक्रिय अपराधी को किया तड़ीपार

पिथौरागढ़ : घाट पुलिस ने सक्रिय अपराधी को छह माह के लिए तड़ीपार किया है। मंगलवार को चौकी प्रभारी सुरेश कंबोज ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत कुमौड़ निवासी अजय सिंह महर को घाट से चंपावत की तहरफ भेजकर जिला बदर की कार्रवाई कर और आगामी छह माह तक जनपद की सीमा में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अजय एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

# युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की

रुद्रपुर : अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंगलवार को ग्राम टैगोरनगर निवासी दिनेश बाईन (31) पुत्र धीरेंद्र बाईन रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह 8 बजे तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजन उसे देखने पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाजें देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजे को तोड़ा। अंदर देखा तो दिनेश गमछे से फंदा बनाकर लटका हुआ था। उसकी पत्नी भी घर पर नहीं थी। वह कई दिनों से अपने सुरेंद्र नगर मायके गई हुई थी। दिनेश सिडकुल में मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। दिनेश अपने पीछे गर्भवती पत्नी, मां एवं भाई समेत अन्य परिजनों को रोता–बिलखता छोड़ गया है। इधर, चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी ने बताया कि युवक द्वारा फांसी लगाए जाने के कारणों का पता नहीं लग सका है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। (एजेंसी)

## स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

चम्पावत : पुलिस ने ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत एक व्यक्ति को 2.15 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा है। रूटीन चेकिंग के दौरान पुलिस ने सलीम कुरेशी (27) निवासी लाल इमली पड़ाव के कब्जे से 2.15 गाम स्मैक बरामद की। एसएसआई बची सिंह बिष्ट ने बताया कि युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# परिवार नियोजन की स्थाई व अस्थाई विधियों को अपनाने पर दिया जोर

### जिले की 121 चिकित्सा इकाइयों में परिवार नियोजन साधन कार्नर स्थापित किए



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रुद्रप्रयाग के तत्वावधान में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा शुरू हो गया है। इस अवसर पर जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए परिवार नियोजन की स्थाई व अस्थाई सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। पखवाड़े के अंतर्गत जनपद की 121 चिकित्सा इकाइयों में परिवार नियोजन साधन कार्नर भी स्थापित किए गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल वर्मा ने जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए परिवार नियोजन की स्थाई व अस्थाई विधियों को अपनाने पर जोर दिया। ब्लाक जखोली में पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए उपजिलाधिकारी परमानंद राम ने जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन सेवाओं का अधिक से अधिक प्रचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव में हम ले ये संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे खुशियों का विकल्प थीम के साथ जनपद के समस्त ब्लाकों में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के अंतर्गत जनपद की सभी 121 चिकित्सा इकाईयों में परिवार नियोजन स्थाई विधि साधन उपलब्ध करवाने हेतु कार्नर स्थापित किए गए हैं। ब्लाक अगस्त्यमुनि में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अरूणा बेंजवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही परिवार नियोजन की स्थाई व अस्थाई विधि सेवाओं का लाभ उठाने की जनता से अपील की। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. यास्मिन ने कहा कि जनपद में 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या स्थरीकरण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत समस्त चिकित्सा इकाइयों में परिवार नियोजन सेवाएं, स्वास्थ्य शिक्षा व चिकित्सकीय परामर्श की सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। वहीं, ब्लाक ऊखीमठ में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शाकिब द्वारा पखवाड़े के शुभारंभ किया गया। कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में आयोजित गोष्ठी में जनसंख्या वृद्धि से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों व जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल गुसाई ने कहा कि तेजी से बढ़ रही जनसंख्या से समस्याएं भी बढ़ रही हैं, जिसके दृष्टिगत आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य के लिए जनसंख्या स्थिरीकरण बेहद जरूरी है। वक्ताओं ने परिवार नियोजन अपनाने के लिए सामाजिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। इस दौरान बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के साधन पुरूष नसबन्दी कराने पर रूपए 2000 की, महिला नसबन्दी कराने पर रूपए 1400 व गर्भ निरोधक उपाय पीपीआईयूसीडी अपनाने पर रूपए 300 व प्रसव के बाद 7 दिन के भीतर नसबन्दी अपनाने पर रूपए 2200 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. मनदीप कौशिक, डॉ. शाकिब हुसैन, कंसल्टेंट एनसीडी दीपक नौटियाल, नागेश्वर बगवाड़ी, दिगपाल कंडारी, दुर्गा करासी, हरेंद्र सिंह नेगी, विपिन खन्ना, दीपक सिंह नेगी, विजय कुमार, कलम सिंह आदि मौजूद रहे।

## सिरोबगड़ में सड़क मार्ग बंद, डीडीआरएफ की टीम तैनात

जयन्त प्रतनिधि। रूद्रप्रयाग : लगातार हो रही बारिश के कारण सिरोबगड़ में सड़क मार्ग आवाजाही हेतु अवरुद्ध हो गया है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सिरोबगड़ में सुरक्षा के दृष्टिगत डीडीआरएफ की टीम की तैनाती कर दी गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार से हो रही लगातार बारिश के कारण बीती रात से सिरोबगड़ सड़क मार्ग आवाजाही हेतु बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत यहां से गुजर रहे यात्रियों को सुरक्षित स्थानों में रोक दिया गया है तथा मार्ग के पूर्णतः सुरक्षित व सुचारू होने पर ही उन्हें अग्रिम स्थानों हेतु जाने दिया जा रहा है। इसके साथ ही रोके गए यात्रियों को आवश्यकता पड़ने पर पानी व अन्य खाने की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बारिश के बावजूद आपदा प्रबंधन विभाग की टीम द्वारा मार्ग को आवाजाही हेतु सुचारू करने में मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। सिरोबगड के दोनों ओर से मैक्स कंपनी के लोडर और एनएच के जेसीबी भी मौजूद हैं। बरसात से अधिक मलवा और पत्थर के गिरने से मार्ग खोलने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

## भारी बारिश से कई जगहों पर भूधसांव, भवन क्षतिग्रस्त, एक परिवार सामुदायिक भवन में शिफ्ट



टिहरी : भिलंगना ब्लॉक में बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। हिंदाव पट्टी में भूस्खलन व भूधंसाव के कारण ग्रामीणों के भवन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि भवन खतरे की जद में आ गए। जिसके बाद तहसील प्रशासन ने एक परिवार को गांव के सामुदायिक भवन में शिफ्ट कर दिया है। लगातार हो रही तेज बारिश के कारण घनसाली क्षेत्र में कई पैदल रास्ते, घरों के आंगन, कृषि भूमि व पेयजल लाइनों को नुकसान पहुंचा है। चांजी गांव के राजस्व उप निरीक्षक जयप्रकाश चमोली ने बताया कि चांजी तल्ली में ग्रामीण धनीलाल के आवासीय भवन के आगे भूधंसाव से उसका आंगन ध्वस्त हो गया साथ ही लकड़ी व चादरों से निर्मित किचन भी क्षतिग्रस्त हो गया। भूधंसाव से उसके आवासीय भवन के लेंटर में चौड़ी दरारें आ गई। जिनसे घर खाली करवाकर परिवार को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही पंगरियाणा के संतवांन गांव नामे तोक में जयपाल सिंह के मकान के आगे भूंधसाव से पैदल मार्ग, पेयजल लाइन व दो खेत क्षतिग्रस्त हो गए। उसके मकान व शौचालय को खतरा पैदा हो गया है। चांजी मल्ली के कैंतवान गांव नामे तोक में ग्रामीण किशन सिंह के मकान के पीछे भूस्खलन होने से उसके दो खेत दब गए तथा सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे आवासीय भवन को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने बताया कि क्षति की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गई है। भारी बारिशे के चलते भिलंगना व बालगंगा नदियों तथा क्षेत्र के गाड़ गदेरों के उफान पर होने के कारण क्षेत्र के लोग सहमे हुए हैं। (एजेंसी)

# सभी थाना और चौकी प्रभारी हाई अलर्ट मोड़ पर रहेगें : एसपी

रूद्रप्रयाग : पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने मौसम विभाग द्वारा दिए गए अलर्ट को देखते हुए सभी प्रभारियों को पूरी तरह सजग और सतर्क रहने के लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। एसपी ने कहा कि सभी थाना और चौकी प्रभारी हाई अलर्ट मोड पर रहेंगे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद में निरंतर भारी बारिश हो रही है। मानसून सीजन को देखते हुए उन्होंने जनपद के पुलिस उपाधीक्षकों, थाना व चौकी प्रभारियों, पुलिस लाइन व अग्निशमन अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कहा कि सभी थाना और चौकी प्रभारियों को भारी बारिश को देखते हुए हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है। एसपी ने उपलब्ध पुलिस बल, संसाधन, आपदा उपकरणों व वाहनों को तैयारी की दशा में रखने, किसी भी प्रकार की घटना की सूचना का त्वरित ढंग से आदान-प्रदान करने के लिए मोबाइल फोन के साथ-साथ वायरलेस सेट का उपयोग करने के निर्देश दिए है। एसपी ने कहा है कि केदारनाथ यात्रा मार्ग सहित आम जनमानस की सुरक्षा को देखते हुए भूस्खलन व आपदा के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी रखने, नदी का जल स्तर बढ़ने की दशा में नदी नालों के किनारे रह रहे लोगों को तत्काल सुरक्षित ठिकानों पर जाने के लिए लाउडस्पीकर और पीए सिस्टम से अनाउंसमेंट करने, जनपद से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग व अन्य वैकल्पिक मार्गों के बन्द होने की दशा में उन्हें सुचारु करने को लेकर कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए है। (एजेंसी)

## आज भी बंद रहेगें स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र

उत्तरकाशी : मौसम विभाग की ओर से जारी भारी वर्षा के अलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए उत्तरकाशी और चमोली जिले में बुधवार को भी आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित कक्षा एक से 12वीं तक के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल बंद रहेंगे। मौसम विभाग की ओर से जारी पुर्वानुमान में 12 जुलाई को उत्तरकाशी और चमोली जिले में भारी वर्षा होने की आशंका व्यक्त की गई है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए जनपदों में पैदल रास्तों एवं सड़क मार्ग के प्रभावित होने की संभावना है। इस हेतु सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए कक्षा एक से 12वीं तक के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों सहित आंगनवाड़ी केन्द्रों में बुधवार को भी अवकाश रहेगा। (एजेंसी)

## ऋषिकेश पीजी कॉलेज में प्रदेश के 217 कॉलेजों का पाठ्यक्रम तैयार

ऋषिकेश। श्रीदेवसुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस में प्रदेश के 217 कॉलेजों का पाठ्यक्रम तैयार हो गया है। पाठ्यक्रम में केंद्र सरकार के स्किल इंडिया प्रोग्राम के तहत विभिन्न स्वरोजगारपरक विषयों को विशेष वरीयता दी गई है। मंगलवार को कुमाऊं और गढ़वाल के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों ने पीजी और स्नातक व्यावसायिक विषयों के पाठयक्रम पर मंथन करने के बाद रिपोर्ट सौंपी। मंगलवार को श्रीदेव सुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस में बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में ऋषिकेश कैंपस से लगभग 50, कुमाऊं और गढ़वाल से लगभग 80 विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। सुबह 11 बजे से शुरू हुई बैठक सायं 5 बजे तक चली। इसमें श्रीदेवसुमन विश्वविद्यालय के संबद्ध सभी 217 कॉलेजों के 75 से अधिक पीजी एवं यूजी के व्यावसायिक विषयों में आधुनिक एवं वर्तमान समय की मांग पर आधारित टॉपिक्स और तकनीकी कंटेंट को शामिल किया गया।

# सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं : सीडीओ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अर्थ संख्या अधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग एवं एनएच के अन्तर्गत मुख्यमंत्री की 100 घोषणाएं है। जिसमें से 21 घोषणाओं का काम पूरा कर लिया गया है और 79 प्रगति पर है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सीएम घोषणा के तहत जो प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है उनके प्रभावी अनुश्रवण के लिए उच्चाधिकारियों एवं शासन के विभागीय अधिकारियों से निरतंर संपर्क करें। जिन सड़कों का सर्वे, जियोलॉजिकल सर्वे या फारेस्ट का संयुक्त निरीक्षण होना है उनको समयबद्धता से पूर्ण करें। भूमि हंस्तारण एवं टैंडर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी नही होनी चाहिए। सीएम घोषणा के तहत जिन कार्यों की वित्तीय स्वीकृति विभाग को मिल चुकी है उनको प्राथमिकता पर रखते शीघ्र पूर्ण किया जाए। सभी डिविजन समय सीमा निर्धारित करते हुए सीएम घोषणाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। ग्राम पलेठी के अनुसूचित जाति बस्ती तोक कालीमाटी हेतु सड़क निर्माण के लिए ग्रामवासियों से अनापत्ति प्रमाण नहीं दिए जाने पर अधिशासी अभियंता को एसडीएम के सहयोग से विवाद का समाधान करने के निर्देश दिए।


उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आर: **13010** (F-I, F-II, R-I) , **12370** (F-I, F-II), **19566** (F-I, F-II, R-I), **12912** (F-I), **14308** (F-I, F-II, R-I), **14631** (F-I, F-II, R-I), **19610** (F-I), **15006** (F-I), **14230** (F-I, F-II, R-I), **12056** (F-I), **12328** (F-I, F-II, R-I), **14042** (F-I, F-II, R-I), **14120** (F-I),**14306** (F-I, F-II, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 24.07.2023 (Timings: 10:30 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 34 एस. एल. आर: **14320** (F-I, F-II, R-I), **22918** (F-I), **14236** (F-I, F-II, R-I), **14321** (F-I), **14311** (F-I), **14718** (F-I, F-II, R-I), **12091** (F-I, F-II, R-I), **14711** (F-I, F-II, R-I), **14310** (F-I), **14318** (F-I), **14315** (F-I, F-II, R-I), **14609** (F-I), **14605** (F-I), **12037** (F-I), **15120** (F-I), **12018** (F-I) **14887** (F-I, F-II, R-I) **14304** (F-I, F-II, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई– नीलामी के तहत दिनांक 25.07.2023 (Timings: 10:30 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 26 एस.एल.आर: **04386** (F-I), **04358** (F-I, F-II, R-I), **04376** (F-I, F-II, R-I), **04365** (F-I, F-II, R-I), **04320** (F-I, F-II, R-I), **04341** (F-I, F-II, R-I), **04356** (F-I, F-II, R-I), **04361** (F-I, F-II, R-I), **04388** (F-I), **05396** (F-I, F-II, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 26.07.2023 (Timings: 10:30 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 28 एस. एल. आर: **04364** (F-I, F-II, R-I), **04359** (F-I, F-II, R-I), **04360** (F-I, F-II, R-I), **04362** (F-I, F-II, R-I), **04357** (F-I, F-II, R-I), **04363** (F-I, F-II, R-I), **04390** (F-I), **04392** (F-I), **04387** (F-I), **04378** (F-I, F-II, R-I) **05382** (F-I, F-II, R-I), **04389** (F-I)के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक: 27.07.2023 (Timings: 10:30am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आर: **04394** (F-I, F-II, R-I), **04303** (F-I, F-II, R-I), **04374** (F-I, F-II, R-I), **05363** (F-I), **05332** (F-I), **05367** (F-I), **05353** (F-I), **05365** (F-I), **04366** (F-I), **04334** (F-I, F-II, R-I), **04333** (F-I, F-II, R-I), **04305** (F-I, F-II, R-I), **04306** (F-I, F-II, R-I), **04338** (F-I, F-II, R-I), **12172** (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 28.07.2023 (Timings: 10:30 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2130/23


# हिटलरशाही पर उतर आई है केंद्र सरकार : दीपिका पांडेय



ऋषिकेश। कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सह प्रभारी दीपिका पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार हिटलरशाही पर उतर आई है। षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म की गई है। उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा कर प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तराखंड कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सह प्रभारी और झारखंड की विधायक दीपिका पांडे सिंह जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि दीपिका बुधवार को देहरादून के गांधी पार्क में होने वाले मौन सत्याग्रह में शामिल होने के लिए उत्तराखंड पहुंची हैं। दीपिका पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार राहुल गांधी को षड्यंत्र के तहत फंसा रही है। इसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। स्वागत करने वालों में उत्तराखंड महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंशुल त्यागी, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव कमलजीत कौर, देहरादून महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जसविंदर सिंह गोगी, प्रदेश सचिव सागर मनवाल, पूर्व प्रधान इंदरजीत सिंह, डोईवाला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि देवराड़ी आदि शामिल रहे।

## नदी-नाले उफान पर, मेहलचौंरी पुल को बना खतरा

चमोली : विकासखंड गैरसैंण में विगत 24 घंटों से लगातार बारिश का दौर जारी है। बारिश के कारण नदी-नाले उफना पर हैं। प्रखंड में कई खेत-खलिहानों के पुस्ते भी ढह गए है। हालांकि अभी तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार गैरसैंण में पिछले 24 घंटों में 85 मिली बारिश रिकार्ड की गई है। वही मेहलचौंरी में वर्ष 1963 में रामगंगा नदी में बना पुल बाजार में नालियां चॉक होने के कारण बारिश का पानी सीधे पुल में घुस रहा है। इससे पुल को भी खतरा पैदा हो रहा है। इसका डामर भी उखड़ गया है। (एजेंसी)


उत्तर रेलवे

ई–नीलामी

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मुरादाबाद मंडल के Moradabad स्टेशन के क्लॉक रूम को 5 साल के लिए संचालन और रखरखाव हेतु ई– नीलामी के तहत दिनांक 24.07.2023 ( टाइम 11:00 am) को बोली आमंत्रित की जानी है। ई–नीलामी **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2131/23


# डोईवाला व आसपास के क्षेत्रों में लोगों का जीवन अस्त व्यस्त



ऋषिकेश। लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से डोईवाला व आसपास के क्षेत्रों में लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई क्षेत्रों में जलभराव से क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से तमाम नदी नाले उफान पर हैं। मंगलवार को डोईवाला के बुलावाला और झबरावाला गांव में राजाजी नेशनल पार्क से आने वाले बरसाती नालों ने कहर बरपाया। सुबह सात से ग्यारह बजे तक करीब चार घंटे तक गांव का संपर्क डोईवाला से कटा रहा। इसका मुख्य कारण बुलावाला से डोईवाला जाने वाले मुख्य मार्ग पर जलभराव रहा। जब पानी कम हुआ तो तहसील प्रशासन की टीम नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में गांव में पहुंची और मौके का जायजा लिया। बुल्लावाला के वार्ड नंबर चार में बरसाती नाले में पानी ज्यादा आ जाने से तटबंध टूट गया, इसकी वजह से क्षेत्रवासियों के घरों में पानी घुस गया। इस दौरान गोपाल सिंह, जीत बहादुर, प्रीतम सिंह समेत दर्जनभर लोगों के घरों में पानी घुसा और घर के सामान को नुकसान पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते के किनारे बनी नालियों की सफाई ना होने से पानी लोगों के घरों में घुसा। सुसवा नदी में अत्यधिक पानी आ जाने से तटबंध टूट गए और पास में बनी बस्ती में पानी घुस गया।

## मेयर ने बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार को मेयर ने क्षेत्र में निरीक्षण कर समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मंगलवार को मेयर अनिता ममगाई ने शहर के विभिन्न बारिश प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। शास्त्रीनगर में पुश्ता बह जाने और कुछ पेड़ों के लोगों की छतों पर टूटकर लटक जाने की समस्या यहां मेयर के सामने आई। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर कारवाई के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने देहरादून रोड, सरकारी हॉस्पिटल, पंचकुटी, भरत बिहार, शिवा इनक्लेव, शिवाजीनगर, 20 बीघा, नंदू फार्म, गीतानगर, बापूग्राम, आवास विकास के बारिश प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया और प्रभावितों की समस्याओं को सुना। मेयर ने कहा कि ऋषिकेश में बारिश ने कहर बरपाया है।


सहायक अभियन्ता कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, श्रीनगर गढ़वाल

फोन/फैक्स नं0 - 01346 - 252191, ई-मेल - eepwdsrinagar@rediffmail.com, eepwdsrinagar2013@gmail.com

पत्रांक : / दिनांक- / / 2023

''अल्पकालीन निविदा सूचना''

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 11.7.2023 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.7.2023 से दिनांक 22.7.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 24.7.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी, 2- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, श्रीनगर।
3- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, पौड़ी, 4- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0, लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्रों का मूल्य (रू0) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी ठेकेदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 324/2019 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के अन्तर्गत एस0एस0बी0 फायर रेंज से डांग होते हुए श्रीकोट मेडिकल कालेज तक ठण्डी सड़क मोटर मार्ग निर्माण हेतु सर्वेक्षण करने का कार्य। | Rs.5500.00 | 500.00+ 18% GST | 45 दिन | 01 माह | श्रेणी ''डी'' या उच्चतर श्रेणी मार्ग निर्माण हेतु। |

निविदा दिनांक 25.07.20223 को पूर्वान्ह 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। आमंत्रित निविदा की दर जी0एस0टी0 छोड़कर है एवं अन्य कर, रॉयल्टी सम्मिलित है। जी0एस0टी0 नियमानुसार अलग से देय होगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**सहायक अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**श्रीनगर गढ़वाल**

## सम्पादकीय

# भविष्य का खतरा जलभराव

देश में मानसून आने का आगाज मौसम विभाग द्वारा पहले ही करा दिया जाता है और मानसून की स्थिति को देखते हुए सभी राज्य व्यापक तैयारियां भी करते हैं। अन्य राज्यों की भांति उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां काफी भिन्न है और यहां हर मानसून में प्राकृतिक विपदा के कारण काफी नुकसान होने के साथ–साथ जान माल की हानि भी होती है। उत्तराखंड का आपदा राहत विभाग मानसून से पूर्व अपनी तैयारियों का आकलन करता है और उसी के अनुरूप किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए कार्य योजना भी तैयार की जाती है। हालांकि बारिश शुरू होने के साथ ही परिस्थितियां काफी विकट हो जाती है जिन से निपटने में आपदा राहत तंत्र को भी नाकों चने चबाने होते है, मुख्यतौर से पहाड़ों में भूस्खलन तथा बादल फटने की घटनाएं बड़ा नुकसान करती हैं तो वहीं मैदानी क्षेत्रों में जलभराव अब एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। उत्तराखंड के दो प्रमुख जनपद देहरादून एवं हरिद्वार में इस बार की मानसून की बारिश ने मानसून से पूर्व की गई तैयारियों की अनदेखी का नजारा भी पेश किया है। हरिद्वार में कांवड़ मेला चल रहा है और बरसात के कारण आधा नगर जलभराव से जूझ रहा है। वहीं राजधानी देहरादून में भी कई इलाकों में जलभराव के कारण आपदा राहत एवं पुलिस विभाग को दिन रात मेहनत करनी पड़ रही है। नगरों के अनियोजित विकास एवं निर्माण के कारण जलभराव की समस्या लगातार गहराती जा रही है, जिसका कोई स्थाई समाधान अब तक दिखता नजर नहीं आ रहा है। राजधानी देहरादून एवं हरिद्वार में जिस प्रकार से बड़े पैमाने पर बिना नियोजन के प्लॉट काटे जा रहे हैं उनमें जल निकासी जैसी बुनियादी बातों को सिरे से नकारा जा रहा है। लुभावने सपने दिखाकर प्लॉट बिक रहे हैं, जबकि इन प्लॉटों की एनओसी किस आधार पर पास की जा रही है यह भी समझ से परे है। राजधानी देहरादून के कई क्षेत्रों में घरों में पानी घुस गया है और पुलिसकर्मियों को बड़े स्तर पर रेस्क्यू कर घर में फंसे लोगों को निकालना पड़ा है। यह स्थिति उस नगर की है जहां कहा जाता था कि मूसलाधार बारिश के बावजूद भी पानी कभी रुकता नहीं है, किंतु अब स्थिति बिल्कुल उलट हो चुकी है। धर्म नगरी हरिद्वार हो या फिर शिक्षा की नगरी देहरादून, कुछ देर की बारिश पूरे नगर की जल निकासी की व्यवस्था को आइना दिखा देती है। देहरादून के बिगड़ते हुए हालातों को देखते हुए खुद मुख्यमंत्री धामी इन स्थलों का निरीक्षण करने पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ ही जांच करने के भी निर्देश दिए हैं। असल में प्रमुख नगरों में यह स्थिति यूं ही पैदा नहीं हुई है बल्कि इसके लिए मुख्य तौर पर निर्माण एजेंसियां व रिहायशी प्लाटों के ले–आउट जारी करने वाली संस्थाएं हैं जो बुनियादी सुविधाओं एवं जल निकासी जैसी महत्वपूर्ण बातों को नजरअंदाज करती आ रहीं है। यदि सर्वे करा लिया जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि अधिकांश कॉलोनियां नियम कानूनों के अनुरूप बनी ही नहीं है। जल निकासी की व्यवस्थाओं पर संबंधित जनपदों के प्राधिकरण द्वारा कड़े मानक अपनाए ही नहीं गए, और ना ही कभी स्थलीय निरीक्षण कर यह जानने का प्रयास किया गया की आलीशान कॉलोनी बनाने वालों ने ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था को किस स्तर पर रखा है? यह विडंबना ही है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर किए जा रहे निर्माण को लेकर आम आदमी व्यवस्थाओं को कोस रहा है, नालियों के बजाय बरसात का पानी सड़कों पर बह रहा है क्योंकि मानसून से पूर्व नदी–नालों को साफ करने की जहमत ही नहीं उठाई गई। पहाड़ों में तो प्राकृतिक आपदा को रोकने का कोई स्थाई समाधान नहीं है लेकिन मैदानी क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम को अब गंभीरता से अमल में लाने की जरूरत है, अनदेखी करने की सूरत में आने वाले समय में जलभराव के इससे भी अधिक भयावह दृश्य देखने को मिलेंगे। वर्तमान हालात भविष्य की सूरत को साफ दर्शा रहे हैं और अभी ठोस कार्य योजना तैयार नहीं की गई तो आने वाले समय में मानसून सुकून की जगह मुसीबत भरा ही साबित होने वाला है।

# केजरीवाल को कांग्रेस की जरूरत!



**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस से लड़ते लड़ते अरविंद केजरीवाल को अब कांग्रेस की जरूरत महसूस होने लगी है। असल में आम आदमी पार्टी की पूरी राजनीति कांग्रेस के साथ किसी न किसी रूप में जुड़ी है। अगर कांग्रेस कमजोर होगी तो उसके दम पर आम आदमी पार्टी फल–फूल सकती है, जैसे देश की कई प्रादेशिक पार्टियों के साथ हुआ है। दूसरी स्थिति यह है कि कांग्रेस मदद करे तो आम आदमी पार्टी मजबूत हो सकती है। इन्हीं दो मॉडल पर क्षेत्रीय पार्टियां राज्यों में मजबूत हुई हैं। जहां जहां कांग्रेस कमजोर होती गई वहां क्षेत्रीय पार्टियों ने उसकी जगह ले ली और जहां कांग्रेस ने किसी क्षेत्रीय पार्टी से तालमेल किया वहां भी वह क्षेत्रीय पार्टी कांग्रेस का वोट लेकर मजबूत हो गई। अरविंद केजरीवाल की पार्टी की सफलता की भी ये ही दो स्थितियां हैं। अभी तक जिन राज्यों में आम आदमी पार्टी आगे बढ़ी है और मजबूत हुई है वहां वह कांग्रेस की कीमत पर हुई है। दिल्ली, पंजाब और गुजरात इन तीनों राज्यों में कांग्रेस के वोट लेकर ही आम आदमी पार्टी आगे बढ़ी है। लेकिन अब किसी अन्य राज्य में ऐसी स्थिति नहीं दिख रही है कि कांग्रेस का एकमुश्त वोट आम आदमी पार्टी की ओर शिफ्ट हों, इसलिए केजरीवाल को अब कांग्रेस की मदद की जरूरत महसूस हो रही है।

यह अनायास नहीं है कि केंद्र के अध्यादेश पर कांग्रेस की ओर से रुख स्पष्ट नहीं करने के बाद भी आम आदमी पार्टी उसके प्रति सद्भाव दिखा रही है। दो ऐसे संकेत मिले हैं, जिनसे लग रहा है कि केजरीवाल की पार्टी के रुख में नरमी आई है। पहला संकेत तो यह है कि गुजरात हाई कोर्ट ने जब मानहानि के मामले में राहुल गांधी की याचिका खारिज की और उन्हें राहत नहीं दी तो आम आदमी पार्टी ने आधिकारिक बयान में राहुल के प्रति सद्भाव दिखाया और उनका समर्थन किया। दूसरा संकेत यह है कि पार्टी के चुनाव रणनीतिकार और प्रबंधक संदीप पाठक ने कांग्रेस की बड़ी हैसियत को स्वीकार किया है। ध्यान रहे पार्टी अब तक कांग्रेस को उसकी औकात दिखाती रहती थी और बताती थी कि अब कांग्रेस खत्म हो रही है। लेकिन राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा है कि कांग्रेस की हैसियत बहुत बड़ी है और विपक्षी एकता बनवाने में उसको बड़ी भूमिका निभानी है। पाठक ने कहा है कि कांग्रेस को अपना अहंकार छोडऩा होगा और हर छोटी बड़ी पार्टी से बात करनी होगी क्योंकि विपक्षी एकता में उसको बड़ी भूमिका निभानी है।

अगर आम आदमी पार्टी मान रही है कि विपक्षी एकता में कांग्रेस को बड़ी भूमिका निभानी है तो इसका मतलब है कि कांग्रेस के साथ तालमेल के रास्ते उसने बंद नहीं किए हैं। पिछले कुछ दिनों से इस बात की चर्चा हो रही थी कि आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति का एक अलग मोर्चा हो सकता है। ध्यान रहे इन चार में से दो पार्टियों, सपा और तृणमूल को कांग्रेस से नहीं लडऩा है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की हैसियत कुछ नहीं है। इसलिए इन दो पार्टियों को कांग्रेस की राजनीति से कोई फर्क नहीं पडऩे वाला है। लेकिन भारत राष्ट्र समिति और आम आदमी पार्टी की राजनीति तो पूरी तरह से कांग्रेस से जुड़ी है। तेलंगाना में अगर कांग्रेस मेहनत करती है और अच्छे से चुनाव लड़ती है तो उसका बड़ा नुकसान भारत राष्ट्र समिति को होगा। इसी तरह आम आदमी पार्टी को हर राज्य में कांग्रेस की बाधा झेलनी है।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का जो गुबार उठा था वह अब थम गया है। उस आंदोलन की आंधी से उड़ी धूल अब सतह पर जम गई है। उस आंधी में कांग्रेस के पैर उखड़ गए थे, लेकिन अब उसके पैर जमने लगे हैं। पिछले 10 साल में कांग्रेस के खिलाफ चला भ्रष्टाचार का नैरेटिव अपनी चमक खो रहा है। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से लाभान्वित हुईं दोनों पार्टियां– भाजपा और आप के ऊपर भी आरोप लग रहे हैं। आप के कई नेता जेल में बंद हैं तो जिस थोक भाव से भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल किया है उससे किसी भी पार्टी के अलग होने का फर्क मिट गया है। मुंहजबानी कोई कितना भी दावा करे किसी की कमीज ज्यादा उजली नहीं दिख रही है। सो, भ्रष्टाचार के आरोपों से लडख़ड़ाई कांग्रेस के संभलने से भाजपा से ज्यादा आप की चिंता बढ़ी है।

दूसरे, आम आदमी पार्टी ने विचारधारा की बजाय वस्तुएं और सेवाएं मुफ्त में देकर लोगों को आकर्षित करने की राजनीति की वह अब मुख्यधारा की राजनीति है। कांग्रेस ने अपनी विचारधारा के साथ साथ 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने की राजनीति को चुनाव लडऩे का मुख्य हथियार बनाया है। सो, अब केजरीवाल की पार्टी को लगने लगा है कि कांग्रेस को जितना कमजोर करके उसका वोट हासिल कर सकते थे उतना कर लिया, अब उसके खिलाफ लड़ कर उसे हराना मुश्किल है। इसलिए उसका वोट हासिल करने का दूसरा तरीका अपनाने की कोशिश हो रही है। दूसरा तरीका यह है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन हो जाए तो स्वाभाविक रूप से उसका वोट आप को मिल जाएगा। कर्नाटक के बाद अल्पसंख्यकों का जो सद्भाव कांग्रेस के प्रति बना है उसमें भी आप की हिस्सेदारी हो जाएगी।

अभी तक की जो स्थिति है उसमें साफ है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में आम आदमी पार्टी का प्रचार अभियान जोर नहीं पकड़ पा रहा है। केजरीवाल ने भगवंत मान के साथ जाकर राजस्थान और मध्य प्रदेश में रैलियां की हैं लेकिन उस पर मिली प्रतिक्रिया उत्साहजनक नहीं है। अगर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ती है, तो उसका हस्र कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की तरह हो सकता है। तीन राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस व भाजपा की सीधी लड़ाई है तो तेलंगाना में बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा की लड़ाई है। कहीं भी आम आदमी पार्टी लड़ाई में नहीं है। केजरीवाल और उनके चुनाव रणनीतिकार संदीप पाठक को अंदाजा है कि लोकसभा चुनाव से पहले हो रहे इन राज्यों के चुनावों में अगर आम आदमी पार्टी कुछ नहीं कर पाती है तो लोकसभा चुनाव में उसके लिए कोई संभावना नहीं बचेगी। इसलिए वह विपक्षी एकता की बात कर रही है और उसमें कांग्रेस की बड़ी भूमिका बता कर उसके प्रति सद्भाव दिखा रही है। कांग्रेस इसके खतरे को जान रही है। उसको दिल्ली का अनुभव याद होगा, जहां उसने आप को समर्थन देकर उसकी सरकार बनवाई थी और उसके बाद दिल्ली में खत्म हो गई थी। इसलिए कांग्रेस के नेता किसी स्थिति में आम आदमी पार्टी से तालमेल के पक्ष में नहीं हैं। उनको पता है कि इससे आप को वैधता मिलेगी, जिसका लंबे समय में कांग्रेस को

**कांग्रेस ने अपनी विचारधारा के साथ साथ 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने की राजनीति को चुनाव लडऩे का मुख्य हथियार बनाया है। सो, अब केजरीवाल की पार्टी को लगने लगा है कि कांग्रेस को जितना कमजोर करके उसका वोट हासिल कर सकते थे उतना कर लिया, अब उसके खिलाफ लड़ कर उसे हराना मुश्किल है। इसलिए उसका वोट हासिल करने का दूसरा तरीका अपनाने की कोशिश हो रही है। दूसरा तरीका यह है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन हो जाए तो स्वाभाविक रूप से उसका वोट आप को मिल जाएगा। कर्नाटक के बाद अल्पसंख्यकों का जो सद्भाव कांग्रेस के प्रति बना है उसमें भी आप की हिस्सेदारी हो जाएगी।अभी तक की जो स्थिति है उसमें साफ है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में आम आदमी पार्टी का प्रचार अभियान जोर नहीं पकड़ पा रहा है।**

# समान नागरिक संहिता कूडेदानी में!

**हरिशंकर व्यास**




**हर वर्ग और हर वर्ण की भावनाओं को आहत किया न कि समरसता की सोची। सबकुछ वोट के गणित में तभी अब फारवर्ड और भक्त हिंदूओं को छोड सब इस इंतजार में है कि कब समय आए और भाजपा को ठिकाने लगाएं। मामूली बात नहीं है जो समान नागरिक संहिता में देश भर के अलग–अलग आदिवासी इसे अपने खिलाफ समझ रहे है। कोई यह सुनने–समझने को तैयार ही नहीं है कि देश व समाज के लिए एक समान नागरिक संहिता क्यों जरूरी है?**

विश्वास मुझे भी नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल में एक घर, एक कानून की बात कही और महिने भर में ही उस संकल्प की हवा निकल गई! नोट रखे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना है तो आदिवासियों, सिक्खों, ईसाई, उत्तर–पूर्व के माहौल की चिंता में अब समान नागरिक संहिता का बिल न तो लोकसभा में रखा जाएगा और यदि दिखावे के लिए रख भी दिया तो उसे लटकाएंगे। न राम मिलेंगे और न माया। मतलब भैंस गई पानी में। एक महिने में हवा निकल गई। इसलिए क्योंकि तैयारी तो थी नहीं। सबसे बड़ी बात केवल वोट के हिसाब से हिंदुओं को बहकाने का जुमला था लेकिन उस पर जब चौतरफा वोट राजनीति बिगड़ने की फीडबैक हुई तो छोड़ो, भाड़ में जाए समान नागरिक संहिता का वायदा।

शायद ग्रह–नक्षत्र और उलटे समय की माया है कि वह सब हो रहा है जिसकी नरेंद्र मोदी–अमित शाह ने कल्पना नहीं की होगी। जैसे अचानक आदिवासी–दलित के प्रति ज्यादती का अखिल भारतीय हल्ला बनना। मणिपुर में आदिवासी, ईसाई आबादी के अनुभव न केवल उत्तर–पूर्व के राज्यों में चर्चित है बल्कि राजस्थान–मध्यप्रदेश तक चर्चा में है। दलित पर एक भाजपाई के पेशाब करने की इमेज ने पूरे देश को झिंझोडा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उसके पांव धोए, चरणामृत पीया तो उस पर भी इस तरह के रिएक्शन है कि ऐसे तो नरेंद्र मोदी ने भी पांव धोए थे। मतलब ये नौटंकिया है। आदिवासी संगठनों से चौतरफा हल्ला हो गया है कि समान नागरिक संहिता उनके खिलाफ है। उधर सिक्खों में इसका ऐसा विरोध बना है कि आम आदमी पार्टी के स्टेंड से अलग पंजाब के आप मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को स्टेंड लेना पड़ा!

यह सब क्यों? इसलिए कि नौ वर्षों में भाजपा ने पूरी राजनीति जात–पात के समीकरणों की उठा–पटक में की। जातवाद बढ़ाया। देश–विदेश में सिक्खों को भडकाने के काम किए।

हर वर्ग और हर वर्ण की भावनाओं को आहत किया न कि समरसता की सोची। सबकुछ वोट के गणित में तभी अब फारवर्ड और भक्त हिंदूओं को छोड सब इस इंतजार में है कि कब समय आए और भाजपा को ठिकाने लगाएं। मामूली बात नहीं है जो समान नागरिक संहिता में देश भर के अलग–अलग आदिवासी इसे अपने खिलाफ समझ रहे है। कोई यह सुनने–समझने को तैयार ही नहीं है कि देश व समाज के लिए एक समान नागरिक संहिता क्यों जरूरी है?

ध्यान रहे मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, झारखंड सभी तरफ अचानक वह सिविल सोसायटी, ऐसे संगठन, ऐसे व्हाट्सअप ग्रुप एक्टीव हुए है जिससे समान नागरिक संहिता का आईडिया ही बदनाम होता हुआ है। खुद भाजपा के नेता जैसे सुशील मोदी आदि ने बयान दे कर कंफ्यूजन बनवाया मानों समान नागरिक संहिता का अर्थ आदिवासियों का अहित। कहा भाजपा मुस्लिम आबादी को टारगेट बना कर समान नागरिक संहिता से हिंदुओं के वोट पटाने, उन्हे गोलबंद बनाने के ख्याल में थी और अब चिंता है कि फटाफट इस मसले से पिंड छुडाओं!

सोचे, सबकुछ मोदी सरकार के कंट्रोल में। सारा मीडिया और उसका नैरेटिव मोदी सरकार के इशारों पर। लेकिन बावजूद इसके समान नागरिक संहिता की वाहवाही बनने की बजाय कैसे उसके खिलाफ तमाम तरह के विरोध!

इसलिए क्योंकि समय खराब है। तभी प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के फैसले हडबडी वाले हो रहे है। वैसे हिसाब से फैसले ले ही नहीं पा रहे है। विधानसभा चुनाव कैसे लड़ा जाए, किन चेहरों को प्रोजेक्ट करके लड़ा जाए, प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय केबिनेट और सगंठन के फैसलों के लिए घंटो–घंटो बैठके हो रही है लेकिन सबकुछ क्या अटका हुआ नहीं?

# पर्यावरण की फिक्र नहीं



खुद जापान में नागरिकों का एक बड़ा हिस्सा टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के इस निर्णय का विरोध कर रहा है। 2011 में फुकुशिमा के दाइची न्यूक्लियर प्लांट में हादसे की वजह से दूषित हुए पानी को निकालने की यह प्रक्रिया दशकों तक चलेगी।

कहा जा सकता है कि अगर जापान पश्चिमी खेमे के साथ नहीं होता, तो समुद्र में परमाणु संयंत्र के दूषित जल को बहाने के अपने फैसले को लेकर वह बुरी तरह घिर चुका होता। लेकिन उसके इस कदम पर सवाल सिर्फ आसपास के देशों और कुछ पर्यावरणवादी संगठनों भर ने उठाया है, तो इसीलिए कि पश्चिमी देशों के लिए यह चिंता का विषय नहीं है। बहरहाल, खुद जापान में नागरिकों का एक बड़ा हिस्सा टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी (टेप्को) के इस निर्णय का विरोध कर रहा है। 2011 में फुकुशिमा के दाइची न्यूक्लियर प्लांट में हादसे की वजह से दूषित हुए पानी को निकालने की यह प्रक्रिया दशकों तक चलेगी। दुर्घटना स्थल पर मौजूद टैंकों में करीब 13 लाख टन रेडियोधर्मी पानी भरा है। पानी बहाने की जापान की योजना के आगे बढऩे का रास्ता बीते साफ हो गया, जब अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने इसे हरी झंडी दे दी। लेकिन इस निर्णय के कारण खुद आईएईए आलोचना का शिकार हो गई है। जापान के इस कदम से उसे पड़ोसी देशों में हलचल है। दक्षिण कोरिया से लेकर चीन तक में इसका कड़ा विरोध किया गया है।

दक्षिण कोरिया की राजधानी सिओल में प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें आईएईए की रिपोर्ट को वापस लिए जाने की मांग की गई। ग्रीनपीस संस्था ने आरोप लगाया है कि जापान संयुक्त राष्ट्र के समुद्र से जुड़े कानून का उल्लंघन कर रहा है। टोक्यो की गैर–सरकारी संस्था न्यूक्लियर इन्फॉरमेशन सेंटर ने कहा है– 'हम इस फैसले से बिल्कुल सहमत नहीं हैं और हमें लगता है कि सरकार के पास दूसरे विकल्प थे। ऐसी कोई वजह नहीं है कि दुर्घटना स्थल पर और टैंक ना बनाए जा सकें। जमीन के अंदर पानी इक्_ा करने के लिए जलाशय खोदे जा सकते थे और पानी से रेडियोधर्मिता खत्म करने के बेहतर तरीकों का इस्तेमाल किया जा सकता था।' यानी ऐसा नहीं है कि जापान सरकार के पास कोई और विकल्प नहीं है। दूषित जल समुद्री जीवों के साथ–साथ तटील आबादी के लिए भी खतरनाक हो सकता है। संपर्क में आने वाले लोगों के कैंसर और अन्य बीमारियों से पीड़ित होने का अंदेशा बना रहेगा।

# ज्यादा बड़ा बदलाव नहीं करेंगे नड्डा!

ऐसा लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने संगठन में कोई बड़ा बदलाव नहीं करने जा रहे हैं। बड़े बदलाव की बजाय एकाध नई नियुक्तियां हो सकती हैं। जो जगह खाली हो रहे हैं उन पर किसी नए व्यक्ति को लाया जा सकता है। उनकी टीम के ज्यादातर महासचिव और उपाध्यक्ष काम कर रहे हैं। एकाध को छोड़ कर किसी की जिम्मेदारी बदले जाने की कोई सूचना नहीं है। नड्डा की टीम की महासचिव डी पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है इसलिए उनकी जगह कोई नया महासचिव आ जाएगा। इसके अलावा सिर्फ एक या दो महासचिव को बदले जाने की खबर है। इसी तरह सभी उपाध्यक्षों के बने रहने की संभावना है क्योंकि ज्यादातर उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री हैं।भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के जस का तस रहने की संभावना है। उसमें 10 नए लोगों को शामिल किया गया है। जितने प्रदेश अध्यक्ष हाल के दिनों में हटाए गए हैं, सबको कार्यसमिति में शामिल कर लिया गया है। पिछले दिनों झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के अध्यक्ष बदले गए थे उनको कार्यसमिति में लिया गया है। इससे साफ है कि नई कार्यसमिति नहीं बनने वाली है। संसदीय बोर्ड में पिछले ही साल कई लोग शामिल किए गए इसलिए उसमें भी बदलाव की संभावना नहीं है। भाजपा के जानकार सूत्रों के मुताबिक पार्टी में तीन नए महासचिव शामिल हो सकते हैं और प्रवक्ताओं की टीम में कुछ नए चेहरे लाए जा सकते हैं। इसके अलावा कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।



# जरा सा वर्कआउट करके आप भी हो जाते हैं थकान से चूर चूर, तो अपनी डाइट में शामिल करेंगे चार सुपर फूड

हमारा स्टैमिना जितना ज्यादा होगा उतने ही एनर्जेटिक हम होंगे और हम उतना ही ज्यादा काम कर पाएंगे. ऐसे में अपने स्टैमिना को बढ़ाने के लिए लोग तरह–तरह की एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन कई बार एक्सरसाइज करने के बाद भी उनके शरीर में थकावट बनी रहती है और वो बहुत कमजोर महसूस करने लगते हैं. ऐसे में फिजिकल एक्टिविटी के अलावा आपको अंदर से न्यूट्रिशन देने की भी बहुत ज्यादा जरूरत होती है. तो चलिए हम आपको बताते हैं चार ऐसे सुपरफूड्स, जो स्टैमिना को बढ़ाने का काम करते हैं.

**केला** वर्कआउट से पहले या वर्कआउट के बाद केला खाने से शरीर को जरूरी विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं, जो आपको इंस्टेंट एनर्जी देता है और आपकी थकान को छूमंतर कर सकता है. इतना ही नहीं केला खाने से वजन कम भी होता है और अगर दूध के साथ इसका सेवन किया जाए तो यह वजन को बढ़ाने में भी फायदेमंद होता है.

**किनोआ** किनोआ एक सुपरफूड है जिसका इस्तेमाल आप कई तरह से कर सकते हैं. आप किनोआ की पुडिंग बना सकते हैं या किनोआ का सलाद बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं. यह होल ग्रेन फूड है, जो शरीर का स्टैमिना बढ़ाने में मदद करता है. साथ ही क्रॉनिक डिजीज के खतरे को भी कम करता है. यह प्रोटीन से भरपूर होता है इसलिए आपको लंबे समय तक एनर्जेटिक बनाए रखता है.

**दालें** किसी भी प्रकार की दाल जैसे– मूंग दाल, राजमा, चना, अरहर की दाल प्रोटीन फाइबर और आयरन से भरपूर होती है. यह आपको हेल्दी और फिट रखती है. साथ ही शरीर को प्रोटीन भी देती है. ऐसे आप रोजाना किसी ना किसी दाल का सेवन कर सकते हैं.

**नट्स और सीड्स** नट्स और सीड्स जैसे बादाम, अखरोट, चिया सीड्स, अलसी के बीज, सनफ्लावर सीड्स स्टैमिना को बढ़ाने में मदद करते हैं और इसमें हेल्दी फैट्स भी पाए जाते हैं।



## दक्षिण ईरान में तेल रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**तेहरान , एजेंसी।** दक्षिणी ईरानी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में सोमवार को एक तेल रिफाइनरी में भीषण आग लग गयी थी जिस पर काबू पा लिया गया है। रिफाइनरी के जनसंपर्क कार्यालय के निदेशक नासेर बाबाई के हवाले से कहा कि आग कल दोपहर करीब तीन बजे लगी थी।

श्री बाबाई ने कहा कि आग आफताब ऑयल रिफाइनिंग कंपनी के तीन पेट्रोलियम उत्पाद भंडारों में विस्फोट के कारण लगी, उन्होंने कहा कि विस्फोट किस कारण हुआ उसका अभी तक पता नहीं चला है। बचाव और राहत कार्य के लिए एम्बुलेंस और एक हेलीकॉप्टर को घटनास्थल पर भेजा गया है।

ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि आग में अब तक आठ अग्निशामक घायल हो गए हैं, जिनमें से एक गंभीर रूप से झुलस गया है।

## अमेरिका के कोडरिंगटन, एंटीगुआ और बारबुडा में लगे भूकंप के तेज झटके

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका के कोडरिंगटन, एंटीगुआ और बारबुडा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.6 मापी गयी है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप के झटके ग्रीन विच टाइम के मुताबिक 20:28 बजे महसूस किए गए। यह कोडरिंगटन, एंटीगुआ और बारबुडा के 274 किमी उत्तर पूर्व में स्थित था। भूकंप का केंद्र 20.02 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 61.10 डिग्री पश्चिम देशांतर तथा जमीनी सतह से 10.0 किमी की गहराई पर स्थित था। भूकंप से अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

## इसरो के पूर्व चेयरमैन को दिल का दौरा पड़ा, अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष और प्रमुख अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन को श्रीलंका में सोमवार को दिल का दौरा पडने् के बाद यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नारायण हृदयालय अस्पताल ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि श्री कस्तूरीरंगन को गंभीर बीमार हालत में भर्ती किये जाने के बाद प्रारंभिक जांचे शुरू कर दी गयी है और चिकित्सकों का एक दल उनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी कर रहा है।इससे पहले मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष को श्रीलंका में दिल का दौरा पड़ा और उन्हें हवाई मार्ग से बेंगलुरु ले जाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि डॉ. कस्तूरीरंगन की हालत स्थिर है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने ट्विटर पर यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें डॉ. कस्तूरीरंगन के स्वास्थ्य और चिकित्सा उपचार पर बारीकी से नजर रख रही हैं।

## बिहार : कांवडियों से भरी बस पेड़ से टकराई, 35 घायल

**जमुई (एजेंसी)।** बिहार के जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह कांवडियों से भरी एक बस के पेड़ से टकरा जाने से कम से कम 35 कांवड़िए घायल हो गए हैं। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, छपरा जिला के सोहन बाजार एवं कड़ी बाजार क्षेत्र के 40 से 45 लोग एक बस से चारधाम की यात्रा पर निकले थे।सोमवार को देवघर, बासुकीनाथ एवं तारापीठ में पूजा–अर्चना कर राजगीर पूजा करने के लिए जा रहे थे।

# कुल्लू में दो जगह बादल फटे, ब्यास में मिले नौ शव, सिरमौर–रोहडू में दो महिलाओं की मौत

**हिमाचल प्रदेश, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में भले ही तीन दिन की भारी बारिश के बाद मौसम खुल गया हो, लेकिन दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कुल्लू की खराहल घाटी के बुरगणी नाला और लगघाटी की डुघीलग खणीपांद में बादल फटने से प्लम, जापानी फल और उपजाऊ भूमि को नुकसान हुआ है। जलस्तर कम होने से ब्यास में नौ शव मिले हैं। सेउब्राग में चार, भुंतर और जिया में दो–दो और टलोगी में एक शव बरामद हुआ है। जिले के मनाली, मणिकर्ण और बंजार घाटी में 17,000 पर्यटक अभी भी फंसे हैं। हालांकि अब कुल्लू–मनाली के बीच वैक्लिपक मार्ग खुलने से पर्यटक धीरे–धीरे निकलने लगे हैं। उधर, सिरमौर जिले के उपमंडल संगड़ाह के डूंगी गांव में निर्मला देवी (35) उर्फ गुड्डी घर के समीप बने शौचालय के बाहर नल से हाथ धो रही थी कि पहाड़ी से गिरे मलबे की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, शिमला के रोहड़ू में ढहे घर के मलबे में दबने से भी एक



महिला की मौत हो गई है।

मंगलवार को प्रदेश में नौ मकान ढह गए और 164 मकान व 105 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रदेश में चार नेशनल हाईवे मनाली–लेह, मनाली–चंडीगढ़, आनी–कुल्लू, चंबा–भरमौर और 1,318 सड़कें अभी भी ठप हैं। पेयजल की 4,000 योजनाएं भी बंद हैं। हिमाचल परिवहन निगम के 1,284 बस रूट ठप हैं। जगह–जगह 396 से ज्यादा बसें फंसी हुई हैं। उधर, चंबा जिले के भरमौर में धनछौ के पास पुलिया पार करते हुए अनियंत्रित होकर नाले में एक व्यक्ति हरबंस सिंह पुत्र नानकू राम गांव सुप्पा ग्राम पंचायत पूलन गिर गया, जिसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। उधर, कुल्लू में फंसे लोगों की दिक्कतें कम नहीं हो रही हैं। घाटी में फंसे लोगों को प्रशासन निकालने में जुटा है। पर्यटन नगरी मनाली और आसपास के इलाके तीन दिन से कटे हुए हैं। यहां बिजली, पानी और दूरसंचार सुविधा ठप है। कुल्लू से भुंतर तक ही निजी बसें चलीं।

हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सरकारी, निजी स्कूलों में मानसून अवकाश को पुनर्निर्धारित और समय से पहले/समायोजित करने का निर्णय लिया है। छुट्टियों के दिनों की कुल संख्या समान रखने के लिए हरसंभव सावधानी बरती गई है, ताकि शिक्षण दिवस यथावत रहे। सरकार के आदेशों के अनुसार स्कूलों में मानसून ब्रेक 10 जुलाई से शुरू हो गया है। वहीं, राज्य में कार्यरत सीबीएसई, आईसीएसई व किसी अन्य शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सरकारी, निजी स्कूल अपने स्तर पर अवकाश का फैसला ले सकते हैं।

मंडी जिले में ब्यास नदी का जलस्तर कम हो गया है। इसी के साथ नुकसान की भयानक तस्वीरें सामने आ रही हैं। मंडी शहर में पंचवक्त्र मंदिर समेत आसपास ब्यास किनारे कई फीट सिल्ट जमा है। पंडोह बाजार में तबाही के बाद नदी की जद में आए घरों में कुछ नहीं बचा है। जिले में करीब 95 पर्यटक फंसे हुए हैं। ये सभी सुरक्षित हैं। जिले की सैकड़ों सड़कें, बिजली, पानी व अन्य सुविधाएं ठप हैं। कांगड़ा जिले के दुर्गम क्षेत्र छोटा भंगाल के 20 गांवों का संपर्क अभी भी उपमंडल से कटा हुआ है। मुल्थान घूमने पहुंचे धर्मशाला के 15 लोग यहां फंस गए हैं। प्रशासन ने उन्हें लोहारड़ी के रेस्ट हाउस में सुरक्षित ठहराया है। उधर, बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग धर्मशाला–शिमला मंगरोट के पास भूस्खलन से 12 घंटे बाधित रहा। किन्नौर की सांगला घाटी पांच दिन से देश–दुनिया से संपर्क कटी है।

वहीं, सिरमौर जिले के डोरियोंवाला में गिरि नदी के बीच बने टापू में फंसे पांच मजदूरों को वायुसेना के हेलिकाप्टर की मदद से सुरक्षित बचाया। ये मजदूर पिछले चार दिन से फंसे थे। जिला प्रशासन ने इसके लिए फर्स्ट पैरा नाहन से मदद मांगी। इसके बाद फर्स्ट पैरा ने चंडीगढ़ से वायु सेना का हेलिकाप्टर मंगवाकर उसे टापू पर एक छोटी सी जगह पर लैंड कराया। पांचों मजदूरों को एयरलिफ्ट कर तारूवाला पहुंचाया गया।

मंगलवार सुबह मंडी पहुंचे उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि 24 घंटों में हम आगे बढ़ पाएंगे। मंडी में कुछ जगह पीने का पानी की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश में 1300 से 1400 बस रूट से निलंबित हैं। कुल्लू में स्थिति सबसे गंभीर बनी हुई है, कुल्लू में सभी रूट बंद हैं। राज्य सरकार की बसें सुरक्षित जगहों पर खड़ी हैं जिस कारण से बसों को किसी प्रकार की हानि नहीं हुई है। कुल्लू को बहाल करने के लिए काम किया जा रहा है और मंडी में जलभराव की स्थिति को सही किया जा रहा है। जहां भी लोग फंसे हुए थे उन्हें निकाल लिया गया है। हर तरफ से संपर्क जोड़ा जा रहा है।

24 घंटों में हम आगे बढ़ पाएंगे। मंडी में कुछ जगह पानी(पीने का पानी) की व्यवस्था दी जा रही है। 1300–1400 बसें रूट से निलंबित हैं। कुल्लू में स्थिति सबसे गंभीर बनी हुई है, कुल्लू में सभी रूट बंद हैं, राज्य सरकार की बसे सुरक्षित जगहों पर खड़ी हैं जिस कारण से बसों को किसी प्रकार शिमला–कालका नेशनल हाईवे को मंगलवार दोहपर 3:30 बजे पूर्ण रूप से बहाल कर दिया गया है। करीब आधे घंटे बाद बस सेवा भी सुचारू रूप से बहाल हो गई। इससे कालका, शिमला और सोलन में फंसे हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली है। जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी अब नियमित होगी। कालका–शिमला रेल ट्रैक मंगलवार तक बंद रखा है। बुधवार को इस पर अंबाला मंडल फैसला लेगा। उधर, नंगल से अंब–दौलतपुर चौक तक लगातार चौथे दिन ट्रेनों के रूट रद्द रहे। इतिहास में ऐसा दूसरी बार हुई जब इतने लंबे समय तक ट्रेनों के रूट बंद रहे हों। रेल प्रशासन का कहना है कि पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में कई स्थानों पर रेल पटरियों को नुकसान पहुंचा है। इस कारण ट्रेनों का संचालन हाल फिलहाल संभव नहीं। बुधवार तक ट्रेनों के आवाजाही की कोई संभावना नहीं है।

# पंजाब में जल प्रलय: तीन की मौत, तीन लोग बहे, बारिश थमी लेकिन अब भी 400 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** मोहाली के गांव मलोया से तोगां गांव को जाने वाले रास्ते में पटियाला की राव नदी में से कार निकालने की कोशिश के दौरान एक स्विफ्ट कार बह गई। इसमें तीन युवक सवार थे। तीनों मोहाली के गांव भागोमाजरा से तोगां की तरफ जा रहे थे। इस दौरान पटियाला की राव उफान पर थी। तीनों बहाव की चपेट में आए गए। दो युवकों के शव मिल गए हैं, जबकि एक की तलाश जारी है।



वहीं, जालंधर देहात की सब डिवीजन शाहकोट के गांव मुंडी चोलियां में अपनी बाइक को बचाते समय 24 साल का युवक बाढ़ के पानी में डूब गया। युवक की पहचान शाहकोट के रहने वाले अर्शदीप के रूप में हुई है। अभी शव बरामद नहीं हुआ है। वहीं, लुधियाना के पांच युवक हिमाचल प्रदेश में लापता हैं। सभी मणिकर्ण घूमने गए थे। पांचों लुधियाना के मुल्लांपुर के रहने वाले हैं। मंगलवार को पंजाब में तीन दिन की बारिश के बाद आज लोगों ने राहत की सांस ली।

बारिश थम गई है लेकिन अब भी सतलुज, रावी व ब्यास नदियों का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। 400 से ज्यादा गांवों में पानी भरा हुआ है और लोगों को सुरक्षित निकालने का काम जारी है। एनडीआरएफ व सेना की टीमें लगातार बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। पटियाला, जालंधर, लुधियाना, रोपड़, नवांशहर, मोहाली और अमृतसर में जलभराव के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मुख्य सचिव ने सभी जिलों से नुकसान की रिपोर्ट मांगी है। वहीं, फाजिल्का में पाकिस्तान से सटे इलाकों में बाढ़ का अलर्ट, हरिके और हुसैनीवाला हेडवर्क्स से 2 लाख क्यूसिक पानी छोड़ा गया है। लोगों को राहत शिविरों में पहुंचने के लिए कहा गया है। पठानकोट में रणजीत सागर बांध का जल स्तर खतरे के निशान से सिर्फ पांच मीटर नीचे रह गया है।

राजपुरा में निजी यूनिवर्सटी में एक 20 वर्षीय छात्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव सिविल अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। छात्र हरीश किशोर धार पुरे के पिता किशोर धार पुरे निवासी मध्य प्रदेश ने बताया कि लगभग दो वर्ष से हरीश किशोर धार पुरे साइंस की शिक्षा ग्रहण कर रहा था। यूनिवर्सटी ने मुझे बताया कि बीते दिन पानी पैर फिसलने से हरीश पानी में गिर गया और डूबने से उसकी जान चली गई।

हमें जब सूचना मिली तो हम परिवार के सदस्य यहां पहुंचे है। शव को मध्य प्रदेश ले जाएंगे। बनूड़ पुलिस में तैनात जसविंदर पाल ने बताया कि हमें उक्त छात्र की मौत होने के बारे में सूचना मिली थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पानी में डूबने की जानकारी दी गई है। बाकी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा।

उधर, फतेहगढ़ साहिब के विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी एक 17 वर्षीय युवक बाढ़ के पानी में अचानक लापता हो गया। एसडीएम फतेहगढ़ साहिब हरप्रीत सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सोमवार रात एक युवा अचानक लापता हो गया है, जिसका नाम गुड्डू राम है। वह विश्वकर्मा कॉलोनी में रह रहे निवासी रुलदू राम का बेटा है। उसने बताया कि उनका बेटा गुड्डू एक दूसरे लड़के के साथ पानी में उतरा था। दूसरे लड़के के अनुसार गुड्डू अचानक पानी में लापता हो गया और बाहर नहीं निकला। एसडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन गुड्डू की तलाश में जुटा है।

जालंधर देहात की सब डिवीजन शाहकोट के गांव मुंडी चोलियां में अपनी बाइक को बचाते समय 24 साल का युवक बाढ़ के पानी में बह गया। युवक की पहचान शाहकोट के रहने वाले अर्शदीप के रूप में हुई है। लोगों ने बाइक तो बाहर निकाल ली लेकिन युवक का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

युवक को डूबे 12 घंटे हो गए, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक अर्शदीप की बाइक सोमवार रात पानी में बह गई थी। उसे बचाने के चक्कर में अर्शदीप खुद बह गया, जिसका अभी तक पता नहीं चल सका है। दूसरी तरफ शहर की कालिया कॉलोनी में बाढ़ के खतरे को देखते हुए लोगों ने सोमवार देर रात मिट्टी की बोरियां भरकर बांध बना दिया ताकि शहर में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न न हों।

### कोरबा में 'ज्योति मौर्या' जैसा मामला

## मजदूर ने पत्नी को पढ़ा–लिखाकर बनाया टीचर, नौकरी लगते ही दूसरे संग चली गई



**कोरबा , एजेंसी।** यूपी के ज्योति मौर्या का मामला आपने पढ़ा और सुना होगा। दावा है कि पति ने पढ़ा–लिखाकर अफसर बनाया। एसडीम बनते ही वह पति को छोड़कर दूसरे के साथ चली गई। अब पति परेशान है और मामला सुर्खियों में है। ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ के कोरबा में भी सामने आया है। एक ठेका मजदूर ने अपनी पत्नी को पढ़ाया और उसे टीचर बना दिया। लेकिन नौकरी लगते ही पत्नी छोड़कर चली गई। पति का कहना है कि वह किसी अन्य के साथ गई है। अब उसने पत्नी को सरकारी नौकरी से बर्खास्त करने की गुहार लगाई है।

बालको निवासी शांति कुमार कश्यप भारत एल्युमिनियम प्लांट संयंत्र में ठेका मजदूर हैं। उनकी शादी 2011 में ग्राम तिलकेजा निवासी लुलेश्वरी कश्यप से हुई थी। शांति कुमार का दावा है कि उन्होंने अपनी पत्नी को पढ़ाया–लिखाया और टीचर बनाया। उनकी दो बेटियां भी हैं, लेकिन इसके बाद उनकी पत्नी करीब दो साल पहले 2021 में उन्हें छोड़कर दूसरे व्यक्ति शांति लाल साहू के साथ चली गई। शांति लाल उनके साथ ही काम करता और जमीन की दलाली करता था। प्लॉट पर काम कराने के दौरान पत्नी का उससे संपर्क हुआ। शांति कुमार कश्यप का कहना है कि पत्नी को दूसरे मर्द के साथ देखकर उसने ससुराल में इसकी बात की।

कहा कि वह अपनी बेटी को समझाएं, लेकिन उन्होंने उलटा उसे भड़का दिया। इसको लेकर परिवार परामर्श केंद्र में भी दोनों लोगों के बीच बातचीत हुई। उसके बाद गांव में भी पंचायत हूं। दोनों जगह कहा कि वह पत्नी को रखने के लिए तैयार है, इसके बाद भी वह नहीं आई। शांति कुमार कश्यप का कहना है कि उसकी पत्नी ने डेढ़ महीने पहले एक बच्चे को जन्म दिया है, जो उसका नहीं है।

## 'खतरे' के ऊपर यमुना: पुराना लोहे का पुल बंद, पुरानी दिल्ली स्टेशन से 14 ट्रेन परिवर्तित रूट से चली, कई रद्द

**नई दिल्ली , एजेंसी।** यमुना का जल स्तर बीती रात से खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। इस खतरे को भापते हुए रेलवे ने पुराना लोहा पुल पर रेल यातायात का संचालन बंद कर दिया है। मंगलवार सुबह छह बजे से इस पुल से ट्रेनों का आवागमन बंद किया गया और परिवर्तित रूट से ट्रेन चलाई जा रही है। लोहा पुल बंद होने की वजह से पुरानी दिल्ली से संचालित होने वाली ट्रेन प्रभावित हो रही है। इस स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है, ज्यादातर लोकल ट्रेन के परिवर्तित रूट से चलने और निरस्त रहने की वजह से परेशानी बढ़ी है।



लगातार हो रही बारिश और हथिनी कुंड से यमुना में छोड़े जाने वाले पानी से दिल्ली स्थित यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। इसे देखते हुए रेलवे ने इस ब्रिज से गुजरने वाली सभी ट्रेनों को बंद कर दिया है। उधर, अन्य रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेन भी धीमी गति से चल रही है। रेलवे के अधिकारी अलर्ट मोड में है। रेलवे स्टेशन, वाशिंग यार्ड से ट्रेन सेवा सावधानी पूर्वक संचालित की जा रही है। आनंद विहार, नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली से संचालित होने वाली कुछ ट्रेनों के निरस्त होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ी हुई है। यात्रियों को निराश होकर स्टेशन से लौटना पड़ रहा है।

## आतंकी साजिश मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**कश्मीर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को आतंकी साजिश मामले में दक्षिण कश्मीर में 5 स्थानों पर छापेमारी की।

एनआईए ने ये रेड जम्मू–कश्मीर में आतंक फैलाने वाले आतंकी संगठनों की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए की थी। बता दें कि मई में एनआईए ने इस मामले में जम्मू–कश्मीर के बडगाम, शोपियां, पुलवामा, श्रीनगर और अनंतनाग जिलों में 13 स्थानों की तलाशी ली थी।एनआईए के अनुसार, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और छोटे हथियारों के साथ जम्मू–कश्मीर में हिंसक आतंकवादी हमले करने की योजना बनाई थी।\

## जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर 28% टैक्स को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** माल व सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत कर लगाने पर सहमति जताई है। जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि हमने निजी संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली उपग्रह प्रक्षेपण सेवाओं के लिए जीएसटी पर छूट की पेशकश की है। इसके अलावे ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कैसिनो पर 28% (सभी तीन गतिविधियों) कर लगेगा और यह कर पूर्ण अंकित मूल्य पर कर लगाया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि बिना पके हुए या बिना तले हुए एक्सट्रूडेड स्नैक पैलेट पर जीएसटी की दर 18% से घटाकर 5% कर दी गई है। मछली में घुलनशील पेस्ट पर भी दरों को 18% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इमिटेशन जरी धागों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है।



राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने जीएसटी परिषद की बैठक के बाद कहा कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) का जीएसटी कानून से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जीएसटीएन की जानकारी को पीएमएलए के तहत लाने की अधिसूचना हमारी एजेंसियों को कर चोरी पर अधिक जानकारी के साथ सशक्त बनाएगी, जो उन्हें पहले नहीं मिल रही थी।

उससे पहले पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि परिषद ने कैंसर की दवा डिनुटुक्सिमैब और दुर्लभ बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली विशेष चिकित्सा उद्देश्यों के लिए खाद्य के आयात पर जीएसटी से छूट को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, जीएसटी परिषद ने फैसला किया है कि ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और हॉर्स रेसिंग पर प्रवेश बिंदु पर सट्टा के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगेगा।

मंत्री ने कहा कि जीएसटी कानून में बदलाव किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये तीनों लॉटरी और सट्टेबाजी की तरह कार्रवाई योग्य दावे नहीं हैं। महाराष्ट्र के वन सांस्कृतिक और मत्स्य पालन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग के मामले में कौशल और अवसर के खेल के अंतर को खत्म करने का फैसला किया है। इन पर कुल फेस वैल्यू का 28 प्रतिशत टैक्स देय होगा। मुनगंटीवार ने आगे कहा कि परिषद ने अपीलीय न्यायाधिकरणों की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है।

हालांकि फिक्की गेमिंग कमिटी के प्रतिनिधित्व वाली शीर्ष ऑनलाइन गेमिंग फर्मों के एक समूह ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से इस क्षेत्र के लिए जीएसटी दर को बढ़ाकर 28 प्रतिशत नहीं करने का आग्रह किया था। उनकी ओर से कहा गया, "ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के अस्तित्व के लिए यह बेहद हानिकारक होगा क्योंकि कोई भी व्यावसायिक संचालन इस तरह के उच्च कर के साथ जारी नहीं रह सकता है।

"वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 50वीं बैठक मंगलवार को शुरू हुई। बैठक शुरू होने के पहले से ही अटकलें लग रही थीं कि जीएसटी परिषद की इस बार की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान, उपयोगिता वाहनों की परिभाषा के अलावा पंजीकरण और इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) दावों के लिए नियमों को कड़ा करने पर विचार होगा।

# विधानसभा चुनाव से पहले राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में हुआ बड़ा विस्तार

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने प्रदेश कार्यकारिणी विस्तार करते हुए 48 महासचिव, 21 उपाध्यक्ष, 121 सचिव एवं 25 जिलाध्यक्ष बनाये गये है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे की अनुशंसा के बाद प्रदश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी एवं राजथान में पार्टी के शेष रहे जिला अध्यक्षों की सोमवार को सूची जारी की। सूची के अनुसार इस कार्यकारिणी विस्तार में स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल के पुत्र अमित धारीवाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री गिरिजा व्यास के भाई गोपाल कृष्ण को महासचिव बनाया गया हैं वहीं लंबे समय बाद नियुक्त किए गए 25 जिलाध्यक्षों में विधायक गोपाल मीणा एक मात्र विधायक है जिन्हें इनमें शामिल किया गया हैं और श्री मीणा को जयपुर ग्रामीण में जमवारामगढ़ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल को अपने पद पर बरकरार रखा है जबकि 21 उपाध्यक्ष बनाये गये हैं उनमें डॉ जितेंद्र सिंह, नसीम अख्तर इंसाफ, गजराज खटाना, हाकम अली खान, घनश्याम मेहर, भरतराम मेघवाल, जगदीश चंद्र जांगिड़, मंजू मेघवाल, वीरेंद्र बेनीवाल, हीरालाल दरांगी, हंगामी लाल मेवाड़ा , कैलाश मीणा, रतन देवासी, रामविलास चौधरी, रमेश खंडेलवाल, सुशील शर्मा, जगतार सिंह कंग , समरजीतसिंह , रफीक मांडलिया, राजकुमार जयपाल एवं दर्शन सिंह शामिल है।इसी तरह श्री ललित तुनवाल को महासचिव (संगठन) बनाया गया हैं

जबकि बनाये गए 48 महासचिवों में प्रशांत बैरवा, राकेश पारीक, रीटा चौधरी ,जियाउर रहमान, जसवंत गुर्जर, आर सी चौधरी , स्वर्णिम चतुर्वेदी, विशाल जांगिड़, संजय कुमार जाटव, शिमला देवी नायक एवं ओमाराम मेघवाल शामिल है।

# जून 2025 तक न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे गैरी स्टीड

वेलिंगटन, गैरी स्टीड जून 2025 तक न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (हृंष्ट) ने उनके साथ दो साल का अनुबंध विस्तार किया है।

स्टीड को पहली बार 2018 के अंत में दो साल के लिए नियुक्त किया गया था, इसके बाद उनका अनुबंध 2020 में भारत में आगामी वनडे विश्व कप के अंत तक नवीनीकृत किया गया था,हालांकि अब उनका कार्यकाल जून 2025 में चल रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के समापन तक रहेगा।

इस साल विश्व कप के बाद, स्टीड की विस्तारित अवधि में अगली गर्मियों में टी20 विश्व कप, 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड के क्वालीफाई होने पर 2025 में डब्ल्यूटीसी फाइनल शामिल होगा।




एनजेडसी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह निर्णय एक लंबी और गहन परामर्श प्रक्रिया के बाद लिया गया था जिसमें स्टीड को विस्तार के लिए सर्वसम्मति से समर्थन मिला था। एनजेडसी के जीएम हाई परफॉर्मेंस ब्रायन स्ट्रोनैच ने कहा, गैरी के लिए समर्थन बेहद सकारात्मक था। खिलाडियों, ब्लैककैप्स सपोर्ट स्टाफ, मेजर एसोसिएशन कोच और सपोर्ट स्टाफ के साथ-साथ न्यूजीलैंड क्रिकेट प्लेयर्स एसोसिएशन और एनजेडसी हाई परफॉर्मेंस यूनिट स्टाफ ने गैरी का पूर्ण समर्थन किया। गैरी के परिणाम बहुत प्रभावशाली रहे हैं और हमें विश्वास है कि उनके पास अभी भी टीम को देने के लिए बहुत कुछ है।

स्ट्रोनैच ने चौथे कोच की अवधारणा के बारे में भी बात की, जिसमें न्यूजीलैंड दौरे वाली टीमों को विशेषज्ञ कौशल या विशिष्ट विदेशी वातावरण या प्रारूपों का ज्ञान वाले कोचों द्वारा समर्थन दिया जाएगा। इसके हालिया उदाहरण स्टीफन फ्लेमिंग, शेन बॉन्ड, सकलैन मुश्ताक, ल्यूक राइट और थिलन समरवीरा की नियुक्तियाँ थीं।

एनजेडसी के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा, इस निर्णय से पहले कई महीनों की चर्चा और परामर्श किया गया और सीईओ के रूप में, मैं बहुत संतुष्ट हूं कि सभी विकल्पों पर अच्छी तरह से विचार किया गया। मैं गैरी के लिए बहुत खुश हूं। वह एक गुणवत्तापूर्ण व्यक्ति है, उसे खिलाड़ियों का समर्थन और विश्वास प्राप्त है, और वह अपने काम में बहुत अच्छा है।

टेस्ट कप्तान टिम साउदी ने कहा,गैरी ने हमें तीनों प्रारूपों में फाइनल में पहुंचाने में बड़ी सफलता हासिल की और निश्चित रूप से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जीत हासिल की। जिस तरह से वह आए और पहले जो हासिल किया, उसे आगे बढ़ाया, यह बहुत अच्छा है। खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ परिवार और प्रियजनों से दूर जितना समय बिताते हैं, वह एक चुनौतीपूर्ण माहौल बनाता है। इन दिनों बहुत अधिक क्रिकेट खेला जा रहा है, ऐसे में लोगों और उनके कार्यभार को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सक्षम होना काम का एक बड़ा हिस्सा है।

# टेस्ट सीरीज में दो रिकॉर्ड पर रहेगी कोहली की नजर



## शतक लगाते ही कर लेंगे ब्रैडमैन की बराबरी

नईदिल्ली, भारत और वेस्टइंडीज के बीच 12 जुलाई से 2 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इस सीरीज के पहले मैच में ही अगर टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली रूक कर खेलते है और एक शतक के साथ में 150 रन बना लेते है तो वो दो रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। ऐसे में इस टेस्ट में उनके सामने दो रिकॉर्ड है जिनकी वो जरूर बराबरी करना चाहेंगे।

अगर विराट कोहली पहले टेस्ट में शतक लगा देते हैं तो वह टेस्ट में 29 शतक पूरे कर लेंगे। अगर वो 29वां शतक लगा देते है तो वह सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से दसवें नंबर पर पहुंच जाएंगे। साथ ही महान डॉन ब्रैडमैन की बराबरी कर लेंगे। ब्रैडमैन पहले ही 29 शतक लगा चुके हैं।

इसके साथ ही अगर विराट कोहली पहले टेस्ट में 150 रन बना लेते हैं तो वह सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाने के मामले में जैक कैलिस को पीछे छोड़कर पांचवें स्थान पर पहुंच जाएंगे। आपको बता दे की तीनों फॉर्मेट को मिलाकर कोहली ने फिलहाल 25,385 रन बनाए हैं, जबकि साउथ अफ्रीका के कैलिस के नाम 25,534 रन दर्ज हैं।

# यशस्वी जायसवाल और ईशान किशन वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में करेंगे डेब्यू!




## -एक तो रोहित के साथ करेगा ओपनिंग

नईदिल्ली, भारत और वेस्टइंडीज के बीच 12 जुलाई यानी बुधवार से टेस्ट सीरीज की शुरूआत होने जा रही है। 2 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला डोमिनिका के रोलेउ में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए 16 सदस्यी टीम की घोषणा हो चुकी है। अब प्लेइंग इलेवन की घोषणा होनी है।

इस 16 सदस्यीय भारतीय टीम में चार ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका टेस्ट डेब्यू नहीं हुआ है। रिपोटर्स की माने तो यशस्वी जायसवाल का पहले टेस्ट में डेब्यू होना पक्का है। वह ओपनिंग करते नजर आ सकते हैं।


साथ ही एक और खिलाड़ी ऐसा है जो डेब्यू करने वाला है। वह खिलाड़ी विकेटकीपर ईशान किशन हैं। ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद से केएस भरत टेस्ट में भारत के लिए कीपिंग कर रहे थे। लेकिन अब ईशान किशन को मौका मिल सकता है और इसका कारण यह है की भरत लगातार फेल हो रहे है और कुछ कमाल नहीं दिखा पा रहे है।

## कैरेबियाई धरती पर 21 सालों से भारत के खिलाफ कोई टेस्ट नहीं जीत पाई है वेस्टइंडीज

नईदिल्ली, भारत और वेस्टइंडीज के बीच दौरे की शुरूआत कल से होने जा रही है। एक लंबी सीरीज खेलने के लिए भारतीय टीम तैयार है। इस सीरीज में दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मुकाबले खेले जाने है। पहला टेस्ट बुधवार यानी के 12 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। पहला मुकाबला डोमिनिका में खेला जाना है।वैसे आपको बता दे की भारत को पिछले महीने ही वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में रोहित की ब्रिगेड का लक्ष्य नई शुरुआत करने का है। इसके बाद भारत को एशिया कप और फिर वर्ल्ड कप खेलना है। वैसे वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम थोड़ी मजबूत दिखाई दे रही है और इसका कारण यह है की कैरेबियाई धरती पर खेली गई पिछली चार टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को जीत मिली है। ऐसे में अगर भारत ये सीरीज भी जितता है तो वो लगातार वेस्टइंडीज में पांचवी टेस्ट सीरीज जीत जाएगा। वैसे वेस्टइंडीज को आखिरी बार अपनी जमीन पर टीम इंडिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत साल 2002 में हासिल हुई थी।

# एमएलसी के उद्घाटन सत्र में एलए नाइट राइडर्स का नेतृत्व करेंगे सुनील नरेन

नई दिल्ली, वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी सुनील नरेन यूएसए में 13 जुलाई से शुरू होने वाले एमएलसी के उद्घाटन सत्र में एलए नाइट राइडर्स (एलएकेआर) का नेतृत्व करेंगे।नरेन और उनके कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के साथी आंद्रे रसेल नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी के बड़े नामों में से हैं, जिन्होंने एमएलसी में फिल सिमंस को अपना मुख्य कोच भी नामित किया है। एलएकेआर ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ लीग में अपने अभिनय की शुरुआत करेगा।नरेन ने नाइट राइडर्स की एक विज्ञप्ति में कहा, मैंने हमेशा इस बारे में बात की है कि मैं नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं, जहां चाहे वे जहां भी खेलें।



उन्होंने कहा,हमने लंबे समय से संयुक्त राज्य अमेरिका आने के बारे में बात की है और मुझे खुशी है कि आखिरकार ऐसा हो रहा है। इस टीम के कप्तान के रूप में, मैं चुनौती का इंतजार कर रहा हूं। इस टीम में कई अनुभवी लोग हैं जिनके बारे में मैं जानकारी दे सकता हूं, इसलिए यह हमारे लिए एक रोमांचक समय होगा। हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका में सभी नाइट राइडर्स प्रशंसक आगे आएंगे और हमारा समर्थन करेंगे, और दुनिया भर के सभी लोग हमारे लिए उत्साह बढ़ाते रहेंगे।एलएकेआर टीम में अन्य अंतरराष्ट्रीय नामों में लॉकी फर्ग्यूसन, जेसन रॉय, रिले रोसौव, मार्टिन गुप्टिल और एडम ज़म्पा भी शामिल हैं।गेंदबाजी कोच के रूप में भरत अरुण सिमंस की मदद करेंगे।सहायक कोच के रूप में रयान टेन डोशेट और टीम विश्लेषक के रूप में एआर श्रीकांत हैं। अरुण आईपीएल में केकेआर के गेंदबाजी कोच भी हैं। सिमंस अपने साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और दुनिया भर की टी20 लीगों से कोचिंग का व्यापक अनुभव लेकर आए हैं। उन्होंने दो बार (2015-16 और 2019-2022) वेस्टइंडीज टीमों के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया और जिम्बाब्वे (2004-05), आयरलैंड (2007-2015) और अफगानिस्तान (2017-19) टीमों के साथ भी रहे।टी20 सर्किट में, उन्हें हाल ही में सीपीएल की सबसे सफल टीम झ ट्रिनबागो नाइट राइडर्स का कोच नामित किया गया था

# फिल्मी सफर

# वरुण धवन, जाह्नवी कपूर की बवाल का ट्रेलर जारी, यूरोप में रोमांस करते दिखे सितारे



वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म बवाल कई दिनों से चर्चा में है। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें दोनों की केमिस्ट्री ने दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी थी। रोमांस और एक्शन से भरपूर यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। फिल्म 21 जुलाई को रिलीज होगी। निर्माता साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। अमेजन प्राइम ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। बवाल एक रोमांटिक ड्रामा है जो एक दिलचस्प ट्विस्ट के साथ एक्शन की ओर मुड़ जाता है। ट्रेलर में दिख रहा है कि वरुण का किरदार अजय हर हाल में निशा (जाह्नवी) को पाना चाहता है। वह उसके साथ यूरोप घूमने के सपने देखता है। वह उसे यूरोप ले जाने में सफल भी होता है, लेकिन इस उतार-चढ़ाव में उनके बीच दरार आ जाती है। फिल्म एक व्यक्ति के बाहर और भीतर छिड़े युद्ध पर प्रकाश डालती है।

पहले यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। बाद में निर्माता-निर्देशक ने टीम के साथ मिलकर इसे सीधा ओटीटी पर लाने का फैसला किया। रिपोर्ट्स के अनुसार, बवाल के लिए अमेजन प्राइम वीडियो से 110 करोड़ रुपये का सौदा किया है। वरुण और जाह्नवी इसे सीधा ओटीटी पर लाने के फैसले से खुश हैं, क्योंकि इससे उन्हें दुनियाभर के दर्शकों का साथ मिल सकेगा। हालांकि, दर्शक इसे बड़े पर्दे पर न देख पाने के कारण निराश हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म को एफिल टावर पर दिखाया जाएगा। जुलाई के मध्य में एफिल टावर पर इसका वर्ल्ड प्रीमियर होने वाला है। दावा किया जा रहा है कि यह प्रीमियर इतना भव्य होगा, जैसे पहले किसी भी बॉलीवुड फिल्म का नहीं हुआ है। इससे पहले आदित्य चोपड़ा की फिल्म बेफिक्रे के ट्रेलर को एफिल टावर पर लॉन्च हो चुका है। यह पहली भारतीय फिल्म थी, जिसका ट्रेलर एफिल टावर पर दिखाया गया था।

## नरगिस फाखरी की वेब सीरीज तत्लुबाज का ऐलान, धीरज धूपर संग बनी जोड़ी

बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी को पिछली बार अनुपम खेर और नीना गुप्ता की शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब इस बीच नरगिस के हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। दरअसल, वह जल्द वेब सीरीज तत्लुबाज में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इसमें उनकी जोड़ी धीरज धूपर के साथ बनी है। खास बात यह है कि इस सीरीज के जरिए धीरज अपना हज्ञ्ज्ञ डेब्यू करने जा रहे हैं। तत्लुबाज में अभिनेत्री और बिग बॉस हज्ञ्ज्ञ की विजेता रहीं दिव्या अग्रवाल का अहम किरदार होने वाला है। सीरीज के निर्देशन की कमान विभु कश्यप ने संभाली है, जबकि तत्लुबाज का निर्माण 9क्करू फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। तत्लुबाज में गैंग्स ऑफ वासेपुर 2 और ब्लडी डैडी फेम जीशान कादरी भी अभिनय करते दिखाई देंगे।

# कैटरीना-आलिया संग जी ले जरा में नहीं दिखेंगी प्रियंका चोपड़ा! फिल्म से बाहर हुईं देसी गर्ल

फरहान अख्तर ने जबसे अपनी फिल्म जी ले जरा की घोषणा की है। यह फिल्म किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती है। फिल्म को लेकर दर्शक भी उत्साहित थे, क्योंकि उन्हें जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का फीमेल वर्जन मिलने वाला था। हालांकि, लंबे समय से फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं हो पाई है। अब खबर आ रही है कि फिल्म से प्रियंका चोपड़ा बाहर हो गई हैं और इसकी कास्टिंग दोबारा की जाएगी। फिल्म की घोषणा आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ और प्रियंका के साथ हुई थी। तीनों अभिनेत्रियां इस फिल्म के लिए एक साथ समय नहीं निकाल पा रही थीं, इसलिए इसकी शूटिंग लंबे समय से रुकी हुई थी। अपने हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में व्यस्त होने के कारण प्रियंका इसके लिए समय नहीं निकाल पा रही थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह इस फिल्म से बाहर



हो गई हैं। इसको शुरू करने के लिए अब नए सिरे से कास्टिंग की जाएगी। अब दर्शक कयास लगा रहे हैं कि फिल्म में प्रियंका को कौन रिप्लेस कर सकता है। इस खबर पर दर्शक तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोगों ने मांग की कि फिल्म में अब प्रियंका की जगह दीपिका पादुकोण को लेना चाहिए। दीपिका-आलिया-कैटरीना की तिकड़ी खूब जमेगी। कुछ लोगों ने कहा कि वे फिल्म में अनुष्का शर्मा को देखना चाहते हैं। वहीं कुछ लोगों ने इस फिल्म के कभी न बन पाने की भी शंका जताई। जब तक जी ले जरा पर बात नहीं बनती है, निर्देशक फरहान अख्तर ने अभिनय पर ध्यान देने का मन बनाया है। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि उन्होंने आमिर खान की चैंपियन्स साइन कर ली है।

# गोवा में वेकेशन का लुत्फ उठाती दिखीं मोनालिसा, मिनटों में वायरल हुईं तस्वीरें



भोजपुरी क्वीन मोनालिसा आए दिन अपनी हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। हालांकि वो अपने फैंस को भी इंप्रेस करने का कोई ऐसा मौका नहीं छोड़ती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट गोवा वेकेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी ग्लैमरस अदाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मोनालिसा इन दिनों गोवा में अपनी छुट्टियों का लुत्फ बखूबी उठा रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने इंस्टा पर कई फोटोज शेयर की हैं। हालांकि उनका ये लेटेस्ट मदमस्त अंदाज में फोटोशूट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। बताते चलें कि एक्ट्रेस मोनालिसा बेहद ही बोल्ड और ग्लैमरस हैं। अपने इसी अंदाज के कारण वो लोगों की चहेती बन गई हैं। मोनालिसा ने अपनी इन तस्वीरों को क्लिक करवाते हुए ब्लू कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई थी। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाती हुई एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं अभिनेत्री अपना फुल वेकेशन मोड एन्जॉय कर रही हैं। फैंस भी उनकी इन तस्वीरों को देखकर उन पर खूब सारा प्यार लूटा रहे हैं। ये ही नहीं लोगों को उनका स्टाइल काफी पसंद भी आता है। मोनालिसा के साथ उनके पति विक्रांत सिंह भी गोवा में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं।

# सूरज बडज़ात्या की फिल्म में फिर प्रेम बनेंगे सलमान खान, जल्द शुरू होगी शूटिंग

फिल्म निर्माता सूरज बडज़ात्या और सलमान खान बॉलीवुड की हिट जोडियों में से एक हैं। पिछले साल जब बडज़ात्या की मल्टीस्टारर फिल्म ऊंचाई आई थी तो इसमें सलमान के न होने की खूब चर्चा हुई थी। दर्शक काफी समय से बडज़ात्या की फिल्म में सलमान को देखना चाहते हैं। ऐसे में इस जोड़ी के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। दोनों जल्द ही अगली फिल्म प्रेम की शादी की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सलमान ने अपनी अगली फिल्म के लिए मन बना लिया है। वह एक बार फिर से बडज़ात्या के साथ साझेदारी करने जा रहे हैं। सलमान अपनी भाईजान की छवि छोड़कर एक बार फिर से प्रेम बनेंगे। इस फिल्म का नाम होगा प्रेम की शादी। अगले महीने इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। अब प्रशंसकों को इस फैमिली ड्रामा फिल्म की स्टारकास्ट की



जानकारी का इंतजार है। प्रेम की शादी एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। जहां बडज़ात्या अब तक बड़े संयुक्त परिवारों को पर्दे पर दिखाते आए हैं, इस बार उनकी फिल्म एकल परिवार पर आधारित है। यह कहानी एक कपल की शादी से शुरू होगी और उनकी जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाएगी। फिल्म उनकी शादी, फिर बच्चों की परवरिश और बुढ़ापे में एक-दूसरे के साथ के सफर को दिखाएगी। फिल्म के लिए मुख्य अभिनेत्री की तलाश जारी है। यह अगले साल दिवाली पर आ सकती है।

सलमान को फिल्म की कहानी 2020 में सुनाई गई थी। उन्हें यह कॉन्सेप्ट पसंद आया था। इसकी स्क्रिप्ट भी लॉकडाउन के दौरान ही तैयार की गई थी। इसकी प्रक्रिया पिछले कुछ महीनों में तेज कर दी गई थी। जानकारों का मानना है कि फैमिली ड्रामा पर आधारित फिल्मों को लोग सिनेमाघरों में देखना पसंद कर रहे हैं। जरा हटके जरा बचके, सत्यप्रेम की कथा जैसी फिल्में इसका हालिया उदाहरण हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com